

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.61546/95

क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-244 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 08 नवम्बर 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

30 लाख दियों से रौशन हुई राम नगरी, लेजर शो से दिखाई गई रामायण

उपराष्ट्रपति-सीएम योगी समेत कई मंत्री मौजूद


अयोध्या(ए.)। रामनगरी अयोध्या में आज 10वें दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सरयू नदी के तट पर लाखों दीयों की रोशनी से पूरी नगरी जगमगा उठी। इस अवसर पर 56 घाटों पर 30 लाख दीये प्रज्वलित किए गए। दीपोत्सव के दौरान शानदार आतिशबाजी, लेजर शो और ड्रोन शो ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों का मन मोह लिया। राम की पैड़ी और सरयू घाट पर लेजर शो के माध्यम से रामायण के प्रसंगों का प्रदर्शन किया गया। वहीं, 2100 ड्रोन की मदद से आसमान में विशेष शो आयोजित हुआ। सरयू तट पर 2147 अर्चकों ने एक साथ महाआरती कर भव्य धार्मिक वातावरण बनाया। इसके बाद आतिशबाजी ने दीपोत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया।



दीपोत्सव से पहले अयोध्या में करीब तीन घंटे तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें 21 झांकियां शामिल रहीं, जिनके माध्यम से रामायण के सातों कांडों का चित्रण किया गया। शोभायात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मुंबई, गुजरात और बिहार समेत देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु दीपोत्सव में शामिल होने अयोध्या पहुंचे हैं।

राम, सीता और लक्ष्मण का हुआ राज्याभिषेक

अयोध्या के रामकथा पार्क में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें माला पहनाई, जबकि उपराष्ट्रपति ने तिलक किया। समारोह के दौरान हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की गई।राज्याभिषेक के बाद भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण रथ पर सवार हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने रथ खींचकर इस आयोजन में भाग लिया। पूरे कार्यक्रम में भक्ति, आस्था और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला।



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ मंदिर को, सर्दियों के मौसम में इसके वार्षिक रूप से बंद होने से पहले, रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है।

दीपावली की हार्दिक शुभकामानएं



दैनिक क्षितिज किरण परिवार की ओर से हमारे सभी पाठकों को दीपों के त्यौहार दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

-सम्पादक

अवकाश की सूचना

दैनिक क्षितिज किरण कार्यालय में दीपावली के अवसर पर अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक दिनांक 11 नवम्बर 2026 को प्रकाशित होगा।

-व्यवस्थापक

दीपावली की हार्दिक-शुभकामनाएं

।। कृष्ण कुण्डली ।।

दीप जले हर द्वार पे, रोशन हो संसार।
सुख सम्पत्ति सम्पदा, सबको मिले अपार।।
सबको मिले अपार, शान्ति मन में छाये।
मात-पिता,भाई बहन, मित्र, सबके मन को भाये।।
कहे "कृष्ण कविराय", दीप से हमें मिले प्रेरणा।
खुद रोशन हो साथ,सभी को रोशन कराना।।

अभिषेक बनर्जी के घर के बाहर टीएमसी-भाजपा कार्यकर्ता भिड़े, कई घायल

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी के जन्मदिन पर कोलकाता के कालीघाट स्थित उनके आवास के बाहर जमकर हंगामा हुआ। गुरुवार तड़के करीब दो बजे हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच ईंट-पत्थर चले, जिसमें कई लोगों के घायल होने की खबर है। अभिषेक बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थकों पर उनके आवास के बाहर हमला करने और टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।

आईएएफ ने रचा इतिहास, 13,629 फीट ऊंचे न्योमा एयरबेस पर पहली बार उतरा 'गजराज', दुनिया में सबसे ऊंची लैंडिंग का बना रिकॉर्ड



लेह,(आरएनएस)। भारतीय वायुसेना ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के नजदीक पूर्वी लद्दाख के दुर्गम और अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में अपनी सामरिक शक्ति का लोहा मनवाते हुए नया इतिहास रच दिया है। वायुसेना के चार इंजनों वाले भारी रणनीतिक परिवहन विमान आईएल-76एमडी (Il-76M D), जिसे भारतीय सेना में 'गजराज' के नाम से जाना जाता है, ने समुद्र तल से 13,629 फीट की ऊंचाई पर स्थित न्योमा एयरबेस पर सफलतापूर्वक सुरक्षित लैंडिंग की। भारतीय वायुसेना के अनुसार, यह पूरे विश्व में आईएल-76 श्रेणी के भारी विमान द्वारा अब तक की सबसे अधिक ऊंचाई पर की गई लैंडिंग का एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड है। वास्तविक नियंत्रण रेखा से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस अग्रिम एयरफील्ड पर भारी सैन्य विमान उतारकर भारत ने सीमांत क्षेत्रों में अपनी त्वरित सैन्य तैनाती की क्षमता का मजबूत संदेश दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गोवर्धन पूजा पर्व पर करेंगे उत्कृष्ट पशुपालकों का सम्मान


प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर होंगे गौ-पूजन एवं पशुपालक सम्मान कार्यक्रम

गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के विजेताओं को मिलेगा सम्मान

भोपाल(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 नवंबर को गोवर्धन पूजा पर्व पर आयोजित पशुपालक सम्मान समारोह में गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के विजेता पशुपालकों को सम्मानित करेंगे। चयनित 208 वृंदावन ग्रामों में 27 से 31 अक्टूबर, 2026 तक दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से 10 पशुपालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर भी गौ-पूजन एवं पशुपालक सम्मान कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक पटल पर अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है। किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा



है। ग्राम पंचायतों में दूध संकलन के लिए दुग्ध सहकारी समितियां गठित की जा रही हैं, ताकि किसान अनाज उत्पादन के साथ पशुपालन और दुग्ध उत्पादन से भी अपनी आय बढ़ा सकें। मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। हमारा लक्ष्य अगले 2 वर्षों में प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में देश का नंबर 1 राज्य बनाना है। इसके लिए राज्य सरकार सुनियोजित पशुपालन एवं गौ-संवर्धन नीतियों के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रही है। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पशुपालकों को मिलेंगे क्रमश: लाख, 50 हजार और 25 हजारप्रतियोगिता में सर्वाधिक दूध उत्पादन करने वाली गायों के पशुपालकों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार की राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। सभी विजेताओं के बैंक खातों में पुरस्कार राशि एकमुश्त डीबीटी के माध्यम से अंतरित की जाएगी।गिर नस्ल की गाय राधा ने प्रतिदिन लगभग 20 लीटर दूध उत्पादन कर हासिल किया प्रथम स्थानदेशी नस्ल की गायों का पालन पशुधन परंपरा और संस्कृति का अभिन्न अंग होने के साथ ग्रामीण परिवारों की आर्थिक समृद्धि का भी सशक्त माध्यम है। बेहतर देखभाल, संतुलित आहार और उन्नत पशुपालन प्रबंधन से देशी नस्ल की गायें भी उल्लेखनीय दुग्ध उत्पादन कर सकती हैं।



कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने किया पिपरिया और सोहागपुर के पटाखा बाजारों का निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। दीपावली पर्व के दृष्टिगत आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने पिपरिया एवं सोहागपुर में संचालित अस्थाई पटाखा बाजारों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पटाखा दुकानों एवं बाजार परिसर में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने अनुविभागीय अधिकारियों एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्थाई पटाखा बाजारों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही बाजार परिसर में नियमित साफ-सफाई कराई जाए। उन्होंने दुकानों के बाहर क्रमांक अंकित करने तथा प्रत्येक दुकान के सामने दुकान का नाम स्पष्ट रूप से लिखवाने के निर्देश दिए कलेक्टर ने बाजार परिसर में जहां आवश्यकता हो, वहां ग्राउंड का समतलीकरण कराने तथा धूल से बचाव के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाजार में आने वाले ग्राहकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, वन्यजीवों को भोजन न खिलाएं

नर्मदापुरम (निप्र)। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एवं पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छता और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व को बनाए रखने के उद्देश्य से पर्यटकों एवं स्थानीय रहवासियों से विशेष अपील की गई है। सभी से आग्रह किया गया है कि पचमढ़ी भ्रमण के दौरान पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें तथा निर्धारित नियमों का पालन करें। अपील में कहा गया है कि पर्यटक एवं स्थानीय नागरिक गौर, जंगली सूअर सहित अन्य वन्यजीवों को किसी भी प्रकार का भोजन न खिलाएं। उनके लिए जूठा भोजन अथवा खाद्य सामग्री के अवशेष खुले में न छोड़ें।



एकम को मनेगा अन्नकूट उत्सव, गोवर्धन पूजन, दूसरे दिन मनेगी भाई दूज

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदा तट के मंदिरों में अन्नकूट उत्सव मनाने की प्राचीन परंपरा है। दीपावली के एक दिन बाद एकम तिथि मंगलवार को नर्मदा मंदिर, श्रीजी मंदिर, गोपाल मंदिर, जगदीश मंदिर सहित अन्य अनेक मंदिरों में तथा अनेक घरों में भी अन्नकूट उत्सव मनाया जाएगा। इसी दिन सुबह के समय गोवर्धन पूजन भी होगा। नर्मदा तट के सेठानी घाट पर अन्नकूट उत्सव व गोर्वधन पूजन धूमधाम से समरोह पूर्वक मनाया जाता है। शाम के समय नित्य आरती स्थल के समीप मां नर्मदा को 56 लोग लगाया जाएगा। वहीं अन्नकूट उत्सव के सामने ही गोबर के गोर्वधन महाराज का विग्रह बनाकर पूजन अर्चन की जाएगी। विशाल रंगोली सजाई जाएगी। जिसकी तैयारी पं विनोद दुबे और लखन दुबे साथ ही नित्य आरती समिति के द्वारा की जा रही है। इसी तरह ग्वालटोली में भी गोवर्धन पूजन का आयोजन घरोंघर तो होता ही है साथ में काली मंदिर में सामूहिक रूप से आयोजन किया जाता है। जिसमें ग्वाल समाज के द्वारा प्राचीन परंपरा को निभाया जाता है।



उत्साह से मनेगी भाईदूज

हिन्दु धर्म में हर त्योहार पर भाई और बहन के स्नेह का पर्व मनाने की परंपरा चली आ रही है। बड़े त्योहारों में रक्षाबंधन तो भाई बहन का ही मुख्य त्योहार माना जाता है उसके बाद मनाए जाने वाले त्योहारों में चाहे दीपावली हो या होली उसके दो दिन बाद आने वाली दूज को भाई दूज के रूप में मनाया जाता है। अब पांच दिवसीय दीपावली पर्व का समापन दीपावली के बाद की दूज जिसे भाई दूज कहा जाता है। बुधवार को भाई दूज स्नेह के साथ मनाई जाएगी। भाई अपनी बहन के घर जाकर उसे उपहार देंगे। वहीं बहने भी अपने भाई को खीर पुरी और पकवान खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं देंगी। इसी दिन कायस्थ समाज के द्वारा यम द्वितीया पूजन का कार्यक्रम कोरीघाट स्थित चित्रगुप्त मंदिर में समारोह पूर्वक होगा।

K K

राजधानी समाचार



रविवार 08 नवम्बर 2026,नर्मदापुरम् (होशंगाबाद) दैनिक क्षितिज किरण 2

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में किया दीपदान

भारतीय संस्कृति में सिर्फ पर्यटन नहीं, तीर्थाटन की भावना महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जहां अन्य देशों में पर्यटन की दृष्टि से ही विभिन्न स्थानों का विकास होता है, वहीं हमारे देश में नागरिकों के लिए तीर्थाटन की दृष्टि से धार्मिक महत्व के स्थानों के समग्र विकास पर ध्यान दिया जाता है। भारतीय संस्कृति की यही विशेषता है कि ऐसे स्थानों पर आने से सभी के मनोभाव पावन हो जाते हैं। चित्रकूट क्षेत्र का विकास भी इसी अवधारणा पर केंद्रित है। उज्जैन के महाकाल लोक की तरह ओरछा में राम राजा लोक और चित्रकूट में भव्य वनवासी राम लोक का निर्माण किया जाएगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीपावली पर्व के अवसर पर भगवान श्री राम की तपोभूमि सतना जिले के चित्रकूट पहुंचकर पवित्र मंदाकिनी नदी में दीपदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश और देश के नागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मां मंदाकिनी की पूजा अर्चना की और चित्रकूट धाम के संतों का शाल, श्रीफल और अंगवस्त्र देकर सम्मान किया।



चित्रकूट धाम से गुप्त गोदावरी तक फोरलेन सड़क निर्माण का भूमि पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट धाम से गुप्त गोदावरी तक 81.17 करोड़ से निर्मित होने वाली फोरलेन सड़क निर्माण का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क श्रद्धालुओं और पर्यटकों की यात्रा को सुगम बनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर बच्चों को दीपावली के उपहार प्रदान किए। समारोह के उपरांत मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाए गए पीपा पुल का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज रूप चौदस का पावन दिन है। हम सब दीपावली का पर्व हर्ष और उल्लास से मना रहे हैं। हमारे पर्व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पहचान हैं। मध्यप्रदेश सरकार चित्रकूट सहित प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों का सर्वांगीण विकास कर रही है । उज्जैन के महाकाल लोक की तरह ओरछा में राम राजा लोक और चित्रकूट में भव्य वनवासी राम लोक का निर्माण किया जाएगा। चित्रकूट में भगवान राम ने अपने वनवास काल के 11 वर्ष से अधिक का समय बिताया। यह भगवान राम की तपोभूमि है। भगवान श्री कृष्ण ने मध्यप्रदेश के ही उज्जैन में गुरु ज्ञान प्राप्त किया। ओंकारेश्वर में जगतगुरु शंकराचार्य जी को उनके गुरु मिले और उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ। इस नाते मध्यप्रदेश भारत के प्राचीन युग में हुई प्रमुख घटनाओं और गौरवशाली व्यक्तित्वों की शिक्षा और कर्मभूमि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कामतानाथ भगवान के दर्शन और पूजा अर्चना की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट धाम में दीपावली के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय दीपोत्सव मेला में शामिल होकर मां मंदाकिनी नदी के पंचवटी घाट पर दीपदान किया। दीपावली में चित्रकूट में लाखों श्रद्धालु दीपदान कर रहे है। मुख्यमंत्री ने भगवान कामतानाथ मंदिर पहुंचकर दर्शन और पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं को मिठाई बांटी और शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने सड़क के किनारे दीपदान के लिए दीपक बेचने वाले बच्चों से स्नेह के साथ बातचीत की और दीपक खरीदें। मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा और आकस्मिक चिकित्सा के लिए बनाये गये स्वास्थ्य शिविर का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने सहजतापूर्वक पी सड़क किनारे चाय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कामतानाथ भगवान के दर्शन और पूजा-अर्चना के बाद आमजन से संवाद किया। उन्होंने साथ सडक के किनारे चाय की दुकान पर सहजता से कुल्हड़ वाली चाय पी। उन्होंने दुकान पर चाय भी बनाई। चाय के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से चर्चा की। नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, अध्यक्ष म.प्र. वेयर हाउस कार्पोरेशन संजय नागाइच, सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, अध्यक्ष चित्रकूट विकास प्राधिकरण विजय यादव, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय तथा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु और आमजन उपस्थित रहे।

40 फीट गहरे कुएं में समाई कार, चार युवकों की अटकी सांसें; कांच तोड़कर निकले बाहर, ढाई घंटे चला रेस्क्यू

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल के निपानिया जाट में शनिवार को चार युवकों की कार 40 फीट गहरे पानी से भरे कुएं में गिर गई। स्थानीय लोगों की मदद से युवकों ने कार का कांच तोड़कर तैरते हुए जान बचाई। ढाई घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन में कार भी बाहर निकाली गई। हादसे के बाद भारी डंपरों पर सवाल उठे।राजधानी के निपानिया जाट में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। चार युवकों से भरी एक कार अनियंत्रित होकर करीब 40 फीट गहरे पानी से भरे कुएं में जा गिरी। कार पानी में डूबने लगी तो अंदर फंसे युवकों की जान पर बन आई। गनीमत रही कि चारों को तैरना आता था। स्थानीय लोगों की मदद से कार का अगला कांच तोड़कर वे बाहर निकलने में सफल रहे। करीब ढाई घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद कार को भी कुएं से बाहर निकाल लिया गया।



जानकारी के अनुसार, कार में प्रेम सिंह लोधी, ज्ञान सिंह लोधी समेत चार युवक सवार थे। शनिवार को निपानिया जाट क्षेत्र में उनकी कार अनियंत्रित होकर कुएं में जा गिरी। हादसे के बाद युवक कार के अंदर फंस गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद करते हुए कार का अगला कांच तोड़ा, जिसके बाद चारों युवक बाहर निकलकर तैरते हुए सुरक्षित बाहर आ गए।

सूचना पर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद कार को भी कुएं से बाहर निकाल लिया गया।

धनतेरस के बाद भोपाल की हवा बिगड़ीः एक्यूआई 197 पर पहुंचा,दिवाली पर पटाखों के धुएं से और बढ़ सकता है प्रदूषण

भोपाल (आरएनएस)। धनतेरस के बाद भोपाल की हवा की गुणवत्ता बिगड़ने लगी है। 7 नवंबर की सुबह टीटी नगर में एक्यूआई 197 दर्ज किया गया। पीएम 2.5 प्रदूषण का प्रमुख कारण रहा। दीपावली पर पटाखों के धुएं से प्रदूषण और बढ़ने की आशंका है। हवा की धीमी गति रही तो प्रदूषक कण वातावरण में लंबे समय तक बने रह सकते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों पर पड़ सकता है।धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़ और वाहनों की आवाजाही के बाद राजधानी की हवा की गुणवत्ता चिंता बढ़ा रही है। शनिवार 7 नवंबर की सुबह पांच बजे टीटी नगर मॉनिटरिंग स्टेशन पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 197 दर्ज किया गया। यह मध्यम श्रेणी का ऊपरी स्तर है। यानी हवा की गुणवत्ता सामान्य नहीं है और संवेदनशील लोगों को सांस संबंधी परेशानी हो सकती है।

2,790 होमगार्ड जवानों को दिवाली का तोहफा, अब अपने गृह जिले में लौटने का मिलेगा मौका

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के 2,790 होमगार्ड जवानों के लिए दिवाली से पहले खुशखबरी आई है। साल 2018 की विशेष भर्ती के बाद दूसरे जिलों में पदस्थ किए गए जवानों को अब अपने गृह जिले लौटने का अवसर मिलेगा। राज्य सरकार ने उनके हित में मध्यप्रदेश होमगार्ड नियम, 2016 के प्रावधानों में एक बार के लिए विशेष छूट देने का निर्णय लिया है। इसके तहत पात्र जवान ऑनलाइन आवेदन कर उस जिले में पदस्थापना की मांग कर सकेंगे, जहां उनका पहली बार चयन हुआ था। हालांकि, गृह जिले में वापसी जिला इकाइयों में रिक्त पदों की उपलब्धता और निर्धारित नियमों के आधार पर होगी।साल 2018 में विशेष भर्ती के माध्यम से चयनित इन जवानों को पहली बार चयन के समय संबंधित जिलों में पद रिक्त नहीं होने के कारण दूसरे जिलों में पदस्थ किया गया था। इसके बाद से वे अपने गृह जिले से दूर रहकर सेवाएं दे रहे थे। अब राज्य शासन ने मध्यप्रदेश होमगार्ड नियम, 2016 में एक बार के लिए विशेष छूट प्रदान की है। इस निर्णय के बाद पात्र जवान निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वे अपने पहले चयन वाले जिले में पदस्थापना के लिए अनुरोध कर पाएंगे।



हड़ताल खत्म होते ही सफाई मित्रों ने 13 घंटे में चमकाई राजधानी, महापौर ने चाय पर की चर्चा



भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होते ही सफाई मित्रों ने कर्तव्यनिष्ठा और मेहनत का परिचय देते हुए महज 13 घंटे में राजधानी की सफाई व्यवस्था को पटरी पर ला दिया। शहर के प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर युद्धस्तर पर सफाई एवं धुलाई का काम किया गया। शनिवार सुबह महापौर मालती राय और निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई कार्यों का जायजा लिया और सफाई मित्रों के साथ चाय पीकर उनका उत्साहवर्धन किया। महापौर और निगम आयुक्त ने सुबह सात बजे चौक बाजार, पीरगेट, लखेरापुरा, न्यू मार्केट, 10 नंबर मार्केट और शाहपुरा स्थित मनीषा मार्केट सहित प्रमुख क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने स्वयं भी सफाई और धुलाई के कार्य में सहभागिता की। उन्होंने व्यापारियों और आम नागरिकों से स्वच्छता संवाद कर शहर को साफ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में सहयोग की अपील की। महापौर राय ने कहा कि हड़ताल समाप्त होने के तत्काल बाद से सफाई मित्रों ने जिस तत्परता और मेहनत से काम किया है, वह सराहनीय है। उनके प्रयासों से कम समय में शहर की सफाई व्यवस्था फिर से सामान्य हो सकी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान शहर में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखें, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।लखेरापुरा और चौक बाजार क्षेत्र में महापौर एवं निगम आयुक्त ने खाद्य पदार्थ विक्रेताओं की ओर से की गई डस्टबिन व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई और कचरे के निष्पादन को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। न्यू मार्केट में निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को निर्धारित सीमा में ही सामान रखकर कारोबार करने की हिदायत दी गई। साथ ही हॉकर्स को टीटी नगर हाट बाजार में निर्धारित स्थान पर व्यवसाय करने की समझाइश देने के निर्देश दिए गए। एक रेस्टोरेंट संचालक द्वारा दुकान की निर्धारित सीमा से बाहर टेबल रखे जाने पर महापौर ने अपने सामने ही टेबल अंदर रखवाई। उन्होंने चेतावनी दी कि समझाइश के बाद भी अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। महापौर और निगम आयुक्त ने 10 नंबर मार्केट एवं मनीषा मार्केट में भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

इस दौरान सफाई मित्रों के साथ बैठकर चाय पी और उनकी मेहनत की सराहना की। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अमन मिश्रा, सुमित पांडे, जोन अध्यक्ष विनीता सोनी, आरती अनेजा सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दीपावली पर गरीबों, किसानों और युवाओं के हितों का ध्यान रखे सरकार : जीतू पटवारी

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दीपावली के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। उन्होंने शनिवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। यह पर्व समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है।जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आग्रह किया कि दीपावली के अवसर पर प्रदेश के गरीबों, किसानों, युवाओं और जरूरतमंद वर्गों के हित में कुछ महत्वपूर्ण संकल्प लिए जाएं। उन्होंने कहा कि आम जनता को महंगाई से राहत देने के लिए खाद्य सामग्री, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के साथ खाद, बीज और बिजली की पर्याप्त उपलब्धता पर ध्यान दिया जाए। किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण होना चाहिए। वहीं, प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए नई भर्तियां शुरू करने, भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और समयबद्ध नियुक्तियां सुनिश्चित करने की जरूरत बताई।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने गरीब परिवारों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और जरूरतमंद लोगों के लिए राहत एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, कानून व्यवस्था, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने तथा सभी धर्मों और समुदायों के बीच आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की।



दीपावली-छठ पर रेलवे का इंतजामः भोपाल मंडल से 24 स्पेशल ट्रेनें चल रहीं, पांच प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ाई

भोपाल, (आरएनएस.)। दीपावली और छठ महापर्व पर घर लौटने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेनों का इंतजाम किया है। भोपाल मंडल से नवंबर में 24 विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इनमें बिहार, उत्तर प्रदेश सहित देश के कई प्रमुख शहरों और धार्मिक स्थलों के लिए ट्रेनें शामिल हैं। वहीं, प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ाने के साथ टिकट व्यवस्था को भी सुचारू रखने की तैयारी की गई है। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल के अनुसार, त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त आवाजाही को




देखते हुए 12 जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इनमें रानी कमलापति-दानापुर, रानी कमलापति-रीवा, पुणे-गोरखपुर, एलटीटी-गोरखपुर, एलटीटी-बनारस, हडपसर-गाजीपुर सिटी और उधना-प्रयागराज जैसी ट्रेनें शामिल हैं। इनसे यात्रियों को नियमित ट्रेनों के अलावा अतिरिक्त विकल्प मिलेंगे।

पांच प्रमुख स्टेशनों पर बढ़ाई निगरानी

भोपाल, रानी कमलापति, बीना, गुना और इटारसी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। रेलवे सुरक्षा बल और टिकट चेकिंग स्टाफ प्लेटफॉर्म, प्रवेश-निकास द्वारों और स्टेशन परिसर में लगातार निगरानी कर रहे हैं। भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम किए गए हैं। स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) की सुविधा भी चालू रखी गई है। यात्री इन मशीनों से खुद अनारक्षित टिकट ले सकते हैं। इससे टिकट काउंटरों पर भीड़ और लंबी कतारों को कम करने में मदद मिलेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के अनुसार, विशेष ट्रेनों के संचालन के साथ सुरक्षा और टिकटिंग सुविधाओं पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। यात्रियों से रेलवे नियमों का पालन करने, सामान का ध्यान रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना आरपीएफ को देने की अपील की गई है।

दिवाली पर पटाखों से हादसे हुए तो कहां मिलेगा इलाजः भोपाल के अस्पताल अलर्ट, जेपी में 8 बेड का बर्न यूनिट तैयार



भोपाल, (आरएनएस.)। दीपावली पर पटाखों से होने वाले हादसों को देखते हुए भोपाल के अस्पतालों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। जेपी अस्पताल में आठ बिस्तरों का विशेष बर्न यूनिट तैयार किया जा रहा है। हमीदिया और एम्स में भी जलने, आंखों की चोट और सांस संबंधी समस्याओं के इलाज की व्यवस्था पर जोर है। करीब 40 एंबुलेंस अलर्ट पर रखने की तैयारी है।

भोपाल में दीपावली पर आतिशबाजी के दौरान होने वाले हादसों से निपटने के लिए अस्पतालों में विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। पटाखों से हाथ-पैर और चेहरे के जलने, आंखों में बारूद या चिंगारी लगने और धुएं से सांस लेने में परेशानी जैसे मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। इस बार जेपी अस्पताल में आठ बिस्तरों का अलग बर्न यूनिट तैयार करने की व्यवस्था की गई है। वहीं हमीदिया अस्पताल और एम्स में भी आपातकालीन इलाज की तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

जेपी अस्पताल में अलग बर्न यूनिट, 24 घंटे रहेगी टीम

जेपी जिला अस्पताल में इस बार पटाखों से झुलसने वाले मरीजों के लिए अलग व्यवस्था की गई है। अस्पताल प्रबंधन ने आठ बिस्तरों का बर्न यूनिट बनाने के लिए एक वार्ड चिह्नित किया है। यहां जलने के मरीजों के उपचार के लिए जरूरी दवाएं, ड्रेसिंग किट, एंटीबायोटिक और दर्द निवारक दवाएं रखने की तैयारी है। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की अलग टीम को भी तैनात रखने की योजना है। जरूरत पड़ने पर सर्जरी विभाग के डॉक्टर भी उपलब्ध रहेंगे। जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय कुमार जैन के मुताबिक, पिछले साल दीपावली पर पटाखों और कार्बाइड गन से घायल मरीजों के लिए अलग व्यवस्था की कमी महसूस हुई थी। इसी अनुभव के आधार पर इस बार आठ बिस्तरों का विशेष यूनिट तैयार किया जा रहा है।

हमीदिया और एम्स में भी इमरजेंसी व्यवस्था

हमीदिया अस्पताल, गांधी मेडिकल कॉलेज और एम्स में जलने, आंखों में चोट और गंभीर रूप से घायल मरीजों के उपचार की व्यवस्था पर जोर दिया गया है। अस्पतालों की आकस्मिक चिकित्सा इकाई, ऑपरेशन थिएटर और जरूरी चिकित्सा संसाधनों को तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों में मेडिसिन, शिशु रोग, श्वसन रोग और आईसीयू सेवाओं को भी शामिल किया गया है। पटाखों के धुएं से अस्थमा और सांस के मरीजों की परेशानी बढ़ने की आशंका को देखते हुए ऑक्सीजन सिस्टम, नेबुलाइजर, वेंटिलेटर और जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है।

मध्य प्रदेश में जनजातीय अंचलों की अनोखी दीपावली, जंगल, खेत और प्रकृति के नाम जलाते हैं दीप

वनदेवी, ठाकुर बाबा और बघासुर के स्थान पर दीपदान कर प्रकृति के प्रति जताते हैं आभार



भोपाल, (आरएनएस.)। मध्य प्रदेश के जनजातीय अंचलों में दीपावली का पर्व प्रकृति, जंगल, जमीन और फसल के प्रति आभार जताने की अनूठी परंपराओं के साथ मनाया जाता है। कहीं वनदेवी, ठाकुर बाबा और बघासुर के स्थान पर दीपदान होता है, तो कहीं खेतों में दीप जलाकर अच्छी फसल और खुशहाली की कामना की जाती है। ढोल-मांदर की थाप पर होने वाला सामूहिक लोकनृत्य एकादशी तक चलता है, जो नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति संरक्षण से जोड़ता है। जनसंपर्क अधिकारी के.के. जोशी शनिवार को बताते हैं कि जनजातीय समाज की सदियों पुरानी लोक परंपराओं में दीपावली का हर दिन प्रकृति के साथ उसके गहरे रिश्ते की कहानी कहता है। दीपावली की रात वनांचल के गांवों में उत्सव का अलग ही रंग दिखाई देता है। स्थानीय परंपरा में इसे दिवाली जगाने का रिवाज कहा जाता है। ग्रामीण एक स्थान पर एकत्रित होकर ढोल-मांदर की थाप पर पारंपरिक लोकनृत्य करते हैं। यह उत्सव केवल दीपावली की रात तक सीमित नहीं रहता, बल्कि लोकनृत्य और सामूहिक उल्लास का सिलसिला एकादशी तक जारी रहता है। ग्रामीण टोलियां बनाकर गांव के प्रत्येक घर पहुंचती हैं और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करती हैं। इस दौरान घर-घर खुशियां बांटने के साथ आपसी मेलजोल और सामाजिक एकजुटता का संदेश भी दिया जाता है।

नई पीढ़ी तक पहुंच रही सांस्कृतिक विरासत

जनजातीय समाज की दीपावली हमें यह समझाती है कि त्योहारों का वास्तविक आनंद केवल रोशनी और उत्सव में नहीं, बल्कि अपनी प्रकृति, परंपराओं और जीवन के आधार के प्रति सम्मान में भी छिपा है। जहां घरों में दीपक खुशियों का उजाला फैलाते हैं, वहीं खेतों में जलने वाले दीप मेहनत और अन्न के महत्व को रेखांकित करते हैं। वनदेवी, ठाकुर बाबा और बघासुर के स्थान पर किया जाने वाला दीपदान जंगल और वन्यजीवों के साथ आत्मीय रिश्ते को जीवंत रखता है।

पांच दिवसीय दीपावली के बाद एकादशी तक चलने वाले लोकनृत्य, सामूहिक पूजा और पारंपरिक अनुष्ठान जनजातीय संस्कृति की विशिष्ट पहचान हैं। यह लोक परंपरा नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ प्रकृति संरक्षण, सामुदायिक सद्भाव और श्रम के सम्मान का संदेश भी देती है। जनजातीय अंचलों की यह दीपावली वास्तव में जंगल, जमीन और जीवन के प्रति कृतज्ञता का पर्व है।

भोपाल की सड़कों से कचरे का पहाड़ हटाना बना चुनौती, चार सौ गाड़ियों पर पच्चीस सौ टन से ज्यादा बोझ

भोपाल, (आरएनएस.)। भोपाल में सफाई कर्मचारियों की तीन दिन चली हड़ताल खत्म होने के बाद अब 2500 टन जमा कचरा हटाना नगर निगम के लिए बड़ी चुनौती है। शहर में रोजाना करीब 850 टन कचरा निकलता है और इसे उठाने के लिए 400 से अधिक गाड़ियां संचालित होती हैं। ये वाहन 17 ट्रांसफर स्टेशनों तक कचरा पहुंचाते हैं। अब इन्हीं गाड़ियों को रोजाना का कचरा उठाने के साथ पुराना ढेर भी साफ करना है।

भोपाल में सफाई कर्मचारियों की तीन दिन चली हड़ताल भले ही खत्म हो गई है, लेकिन शहर को गंदगी से राहत मिलने में अभी वक्त लग सकता है। हड़ताल खत्म होने के बाद सफाई कर्मचारी काम पर लौट आए हैं, प्रशासन ने भी कचरा उठाने का अभियान शुरू कर दिया है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती तीन दिनों में जमा हुए करीब 2500 टन से ज्यादा कचरे को हटाने की है। शहर में सामान्य दिनों में ही रोजाना करीब 850 टन कचरा निकलता है।

मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पानोड़ में 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले संत श्री रविदास भवन का किया भूमिपूजन

संत श्री रविदास जी के विचार सामाजिक समरसता, समानता और सद्भाव के प्रेरणा स्त्रोत - मंत्री श्री सिलावट

इन्दौर (ए.)। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर जिले के ग्राम पंचायत पानोड़ में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीणों को 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले संत श्री रविदास भवन की महत्वपूर्ण सौगात दी। मंत्री श्री सिलावट ने जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों की मौजूदगी में विधि-विधान से भवन का भूमिपूजन किया। इस भवन के निर्माण से पानोड़ सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए सर्व सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण, सामाजिक समरसता और गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों तथा सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए आवश्यक संसाधनों का विकास किया जाए। ग्राम पानोड़ में संत श्री रविदास भवन का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मंत्री श्री सिलावट ने संत श्री रविदास जी के विचारों और आदर्शों का उल्लेख



करते हुए कहा कि संत श्री रविदास जी ने अपने जीवन और संदेशों के माध्यम से समाज को समानता, भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और समरसता की भावना को मजबूत बनाने की प्रेरणा देते हैं। उनके आदर्शों को आत्मसात करना और आने वाली पीढ़ियों तक उनके विचारों को पहुंचाना हम सभी का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार संत-महापुरुषों के विचारों और उनके सामाजिक योगदान को सम्मान देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश में लगभग 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से संत श्री रविदास जी के भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है।

ग्राम पंचायत पानोड़ में भी संत श्री रविदास जी के नाम पर इस भवन का निर्माण उनके आदर्शों, सामाजिक समरसता और सामुदायिक एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि भवन का निर्माण पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों को सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। इससे न केवल ग्राम पानोड़, बल्कि आसपास के गांवों के नागरिक भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जनभावनाओं और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। विकास कार्यों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का संकल्प है।

अटाले की दुकान चलाने वाला निकला करोड़ों का ड्रग माफिया, गुजरात से मुंबई तक नशे का सिंडिकेट

इंदौर (ए.)। इंदौर में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छत्रीपुरा थाना पुलिस ने गंगवाल बस स्टैंड पर चेकिंग अभियान के दौरान एक क्रेटा कार से 28.85 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की। इस दौरान कार में सवार मोहम्मद अफजल उर्फ अज्जू और फिरोज को हिरासत में लिया गया। इसके अलावा क्राइम ब्रांच की टीम ने 11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक युवक को पकड़ा है, जबकि खजराना पुलिस ने भी ड्रग्स सप्लाई के एक मामले में 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है।

चेकिंग के दौरान क्रेटा कार से 28.85 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त

छत्रीपुरा पुलिस के अनुसार, गंगवाल बस स्टैंड पर रूटीन चेकिंग के दौरान एक संदेहास्पद क्रेटा कार को रोककर उसकी तलाशी ली गई। कार में मोहम्मद अफजल उर्फ अज्जू निवासी छिपा बाखल (मल्हारगंज) और फिरोज निवासी खजराना कांकड़ (एमआईजी) मौजूद थे। गहन तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 28.85 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत दोनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार को भी जब्त कर लिया है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी सिंडिकेट बनाकर ड्रग्स की खरीद-फरोख्त कर रहे थे और उनका मुख्य ठिकाना एमआईजी क्षेत्र में स्थित था। फिलहाल पुलिस सप्लायरों, खरीदारों और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

मुख्य आरोपी अफजल पर दर्ज हैं 13 आपराधिक मामले

पुलिस जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि मोहम्मद अफजल के खिलाफ पहले से ही 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस एक्ट के 3 मामले भी शामिल हैं। दूसरी ओर आरोपी फिरोज के खिलाफ 2 आपराधिक केस दर्ज हैं। सूत्रों के अनुसार फिरोज लंबे समय से नशे के कारोबार में सक्रिय था और लोगों की नजरों से बचने के लिए दिखावे के तौर पर अटाले का काम करता था। पूछताछ में उसके नेटवर्क में श्रीनगर कांकड़ के शाहीद रांगा सहित कई अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं।

दीपावली पर स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने बनाए 16 लाख मिट्टी एवं गोबर के दीपक



विदिशा, (ए.)। मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। दीपावली पर्व के अवसर पर जिले के स्व-सहायता समूहों की सदस्यों ने पारंपरिक मिट्टी एवं गोबर के दीपकों का निर्माण कर न केवल भारतीय संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा दिया, बल्कि अपने लिए आय अर्जित करने का अवसर भी सृजित किया। जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को जानकारी दी गई कि जिले में कुल 114 स्व-सहायता समूहों के 386 सदस्यों द्वारा लगभग 16 लाख मिट्टी एवं गोबर के दीपकों का निर्माण किया गया। समूह सदस्यों द्वारा निर्मित इन दीपकों को आमजन तक पहुंचाने के लिए जिले के विभिन्न विकासखंडों में 48 मार्केट प्लेस पर विक्रय स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से दीपकों का विक्रय किया गया, जिससे स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध हुआ और समूह सदस्यों को सीधे आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ।

रजत ओम, बिल्वपत्र मुकुट और रुद्राक्ष की माला से सजे बाबा महाकाल, भस्म आरती में महानिर्वाणी अखाड़े ने अर्पित की भस्म

उज्जैन, (ए.)। मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार तड़के भगवान महाकाल की भस्म आरती विशेष श्रृंगार के साथ संपन्न हुई। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी पर सुबह 4 बजे मंदिर के पट खोले गए। इसके बाद गर्भगृह में विराजित देवी-देवताओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया गया। दूध, दही, घी, शहद, शक्कर और फलों के रस से तैयार पंचामृत से अभिषेक कर विधि-विधान से पूजन किया गया। पूजन के दौरान प्रथम घंटाल बजाकर



भगवान को हरिओम का जल अर्पित किया गया। इसके बाद बाबा महाकाल का आकर्षक श्रृंगार किया गया। ज्योतिर्लिंग को रजत ओम, बिल्वपत्र के मुकुट और रुद्राक्ष की माला से सुशोभित किया गया। भगवान के मस्तक पर त्रिपुंड और त्रिशूल सजाया गया। साथ ही डमरू, शेषनाग का रजत मुकुट, रजत मुंडमाल और सुगंधित पुष्पों की मालाएं अर्पित की गईं। भांग और चंदन से भी भगवान का अलंकरण किया गया। अभिषेक और श्रृंगार के बाद भगवान महाकाल को फल और मिष्ठान का भोग अर्पित किया गया। कपूर आरती और नैवेद्य पूजन के बाद भस्म आरती की प्रक्रिया शुरू हुई। मंत्रोच्चार के बीच ज्योतिर्लिंग को वस्त्र से ढांककर भस्म अर्पित की गई।

इंदौर में देर रात तक खुले रहे बाजार, रात में हुई सड़कों की सफाई

इंदौर (ए.)। इंदौर में धनतेरस पर देर रात तक बाजारों में रौनक बनी रही। शहर के परंपरागत बाजार रात डेढ़ बजे तक ग्राहकों से गुलजार रहे। सराफा, बर्तन बाजार, क्लॉथ मार्केट और राजवाड़ा की दुकानें रात दो बजे के बाद बंद हुईं। राजवाड़ा पर रात एक बजे तक ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति बनी रही। त्योहार पर खरीदारी के साथ ही बाजारों की सजावट देखने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। धनतेरस पर शुक्रवार को शहर के बाजारों में देर रात तक भीड़ रही। मध्य क्षेत्र के अलावा अन्नपूर्णा, नंदानगर सराफा और पलासिया क्षेत्र की दुकानें भी रात तक खुली रहीं। दशहरा मैदान के आसपास लगी दुकानों



के कारण भी बार-बार ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी। राजवाड़ा पर पूजन सामग्री फुटपाथ पर बेची जा रही थी। इसके चलते चौक के आसपास खरीदारों की भीड़ जमा हो गई थी। चौक की ओर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। खजूरी बाजार से कृष्णपुरा ब्रिज की ओर जाने वाला मार्ग ही ट्रैफिक के लिए खुला था। व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस जवान रातभर तैनात रहे। उन्होंने सड़कों पर वाहनों की पार्किंग नहीं होने दी।खरीदारी के लिए पहुंचे लोग राजवाड़ा स्थित प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर और धन्वंतरि मंदिर में दर्शन के लिए भी पहुंचे। दोनों मंदिर देर रात तक खुले रहे।

व्यापार समाचार

शेयर बाजार में इस दिन रहेगी दिवाली की छुट्टी, जानें मुहूर्त ट्रेडिंग का पूरा टाइम-टेबल

मुंबई (ए.)। देश के प्रमुख शेयर बाजारों- बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) में दिवाली के पावन अवसर पर रविवार, 8 नवंबर को पारंपरिक 'मुहूर्त ट्रेडिंग' का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष सत्र के दौरान घरेलू शेयर बाजार सामान्य साप्ताहिक अवकाश के दिन भी निवेशकों के लिए करीब एक घंटे के लिए खुलेगा। वहीं, दिवाली और बलिप्रतिपदा के उपलक्ष्य में शेयर बाजार में पूर्ण अवकाश मंगलवार, 10 नवंबर को रहेगा, जिस दिन इक्विटी, डेरिवेटिव्स और मुद्रा खंड में किसी भी प्रकार का नियमित कारोबार नहीं होगा। संवत 2083 के शुभारंभ के प्रतीक इस एक घंटे के मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र का मुख्य समय दोपहर 2:20 बजे से 3:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) और स्टॉक एक्सचेंजों पर ट्रेडिंग से पूर्व की प्रक्रियाएं दोपहर 2:05 बजे से ही शुरू हो जाएंगी। शेड्यूल के अनुसार, दोपहर 2:05 से 2:10 बजे तक प्री-ओपनिंग सेशन चलेगा। इसके बाद 2:10 से 2:15 बजे तक लिमिट ऑर्डर्स दर्ज किए जाएंगे। दोपहर 2:15 से 2:17 बजे के बीच ऑर्डर मिलान और कन्फर्मेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिसके बाद 2:20 बजे तक का समय बफर पीरियड रहेगा। ठीक दोपहर 2:20 बजे मुख्य मुहूर्त ट्रेडिंग शुरू होगी, जो 3:30 बजे तक निरंतर चलेगी।

दशकों पुरानी है परंपरा, नए संवत में समृद्धि के लिए होती है पहली खरीदारी



दिवाली के दिन मुहूर्त ट्रेडिंग की परंपरा दशकों पुरानी और गहरी आस्था से जुड़ी है। बीएसई में वर्ष 1957 से और एनएसई में वर्ष 1992 से इस विशेष सत्र का निर्बाध संचालन किया जा रहा है। हिंदू परंपरा और कारोबारी समाज में दिवाली के दिन नए खाता-बही (बही-खाते) की पूजा और नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत मानी जाती है। निवेशक और ब्रोकिंग फर्म्स इस दिन को आर्थिक समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक मानते हुए लंबी अवधि के निवेश के लिए प्रतीकात्मक रूप से शेयर खरीदते हैं।

2026 में कुल 16 छुट्टियां, साल के बचे अंतिम तीन अवकाश

कैलेंडर वर्ष 2026 के दौरान घरेलू शेयर बाजार में कुल 16 आधिकारिक अवकाश निर्धारित किए गए थे, जिनमें से 13 छुट्टियां बीत चुकी हैं और अब साल के केवल तीन अवकाश शेष रह गए हैं। आने वाले दिनों में 10 नवंबर मंगलवार को दिवाली (बलिप्रतिपदा) का पूर्ण अवकाश रहेगा। इसके बाद 24 नवंबर मंगलवार को गुरु नानक जयंती (प्रकाश पर्व) और 25 दिसंबर शुक्रवार को क्रिसमस के त्योहार के चलते शेयर बाजार पूरी तरह बंद रहेगा। इससे पूर्व साल के दौरान गुड फ्राइडे (3 अप्रैल), डॉ. आंबेडकर जयंती (14 अप्रैल), महाराष्ट्र दिवस (1 मई), बकरीद (28 मई), मुहर्रम (26 जून), गणेश चतुर्थी (14 सितंबर), महात्मा गांधी जयंती (2 अक्टूबर) और दशहरा (20 अक्टूबर) के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे थे।

एलन मस्क को एक ही दिन में 7 लाख करोड़ का झटका, अब इतनी रह गई नंबर वन रईस की संपत्ति



नई दिल्ली (ए.)। अमेरिकी शेयर बाजार में आई भारी गिरावट का असर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की संपत्ति पर भी पड़ा है। 5 नवंबर को टेक्नोलॉजी शेयरों में जोरदार बिकवाली के चलते मस्क की नेटवर्थ में करीब 79.7 अरब डॉलर यानी लगभग 7.1 लाख करोड़ रुपये की कमी दर्ज की गई। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, उनकी कुल संपत्ति एक दिन में 9.2% घटकर 785 अरब डॉलर रह गई। हालांकि, इतनी बड़ी गिरावट के बावजूद मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं।फोर्ब्स की रिपोर्ट में भी मस्क की संपत्ति में करीब 80 अरब डॉलर की गिरावट का उल्लेख किया गया है। यह आंकड़ा अमेरिकी बाजार में कारोबार के दौरान का है। मस्क की संपत्ति में आई इस बड़ी कमी की मुख्य वजह टेस्ला और स्पेसएक्स के शेयरों में भारी बिकवाली रही। दोनों कंपनियों के शेयरों में करीब 9 से 11% तक की गिरावट दर्ज की गई।

टेस्ला के शेयर 10.77% टूटे

मस्क की संपत्ति का बड़ा हिस्सा उनकी कंपनियों में हिस्सेदारी से जुड़ा है। ऐसे में शेयर बाजार में आई गिरावट का सीधा असर उनकी नेटवर्थ पर पड़ा। बाजार बंद होने के आंकड़ों के आधार पर चेनकैचर की रिपोर्ट के मुताबिक, 5 नवंबर को टेस्ला के शेयर 10.77% गिर गए, जबकि स्पेसएक्स के शेयरों में 9.05% की कमजोरी दर्ज की गई। टेक्नोलॉजी कंपनियों में बिकवाली बढ़ने से मस्क की कुल संपत्ति में भी भारी कमी आई।

एआई पर भारी निवेश से निवेशकों की बढ़ी चिंता

फोर्ब्स के मुताबिक, अमेरिकी टेक्नोलॉजी शेयरों में गिरावट की एक बड़ी वजह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर कंपनियों के बढ़ते खर्च को लेकर निवेशकों की चिंता है। कंपनियां एआई डेटा सेंटर, आधुनिक चिप और कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने के लिए भारी निवेश कर रही हैं। हालांकि, इस निवेश से भविष्य में कितना मुनाफा मिलेगा, इसे लेकर बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।इसके अलावा अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की जीत के बाद बड़ी टेक कंपनियों पर संसदीय निगरानी और जांच बढ़ने की आशंका भी निवेशकों को परेशान कर रही है। बाजार में यह चिंता है कि एआई डेटा सेंटर के विस्तार पर सख्त नियम लागू किए जा सकते हैं। इससे चिप निर्माता, सर्वर कंपनियों, डेटा सेंटर संचालकों और बिजली आपूर्ति से जुड़ी कंपनियों के कारोबार पर असर पड़ सकता है। चिप कंपनियों के शेयरों में भी भारी गिरावट

अमेरिकी बाजार में सेमीकंडक्टर कंपनियों के शेयर सबसे ज्यादा दबाव में रहे। एएमडी के शेयर 17.3%, माइक्रोन टेक्नोलॉजी के 17.5% और एनवीडिया के शेयर 9.3% तक टूट गए। वहीं, क्वालकॉम के शेयरों में भी 9.5% की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी की ओर से स्मार्टफोन चिप की बिक्री को लेकर दिए गए अनुमान से निवेशक निराश हुए।एआई क्षेत्र में बढ़ते निवेश और भविष्य में इससे होने वाली कमाई को लेकर सवाल उठने के कारण चिप कंपनियों के शेयरों में बिकवाली तेज हो गई। इसका असर अमेरिकी शेयर बाजार के दूसरे टेक्नोलॉजी शेयरों पर भी देखने को मिला।

तेजी के बाद मुनाफावसूली ने बिगाड़ा बाजार का माहौल

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव के नतीजों के बाद 4 नवंबर को वॉल स्ट्रीट में जबरदस्त तेजी देखने को मिली थी। डाउ जोंस शुरुआती कारोबार में 1,000 अंक से अधिक चढ़ गया था, जबकि एसएंडपी 500 ने तीन महीनों की सबसे बड़ी इंट्राडे बढ़त दर्ज की थी। हालांकि, अगले कारोबारी सत्र में निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू कर दी।खास तौर पर एआई और सेमीकंडक्टर कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली हुई, जिससे पूरे अमेरिकी बाजार पर दबाव बढ़ गया। इसी गिरावट की चपेट में एलन मस्क की कंपनियों के शेयर भी आ गए और उनकी संपत्ति में एक दिन में करीब 7.1 लाख करोड़ रुपये की कमी दर्ज की गई।

सोने की चमक होगी और तेज

1.68 लाख रुपये तक पहुंच सकता है भाव, गिरावट पर खरीदारी का मौका; धनतेरस पर टूटा भाव

नई दिल्ली(ए.)। वैश्विक अनिश्चितताओं और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग के चलते अगले 6 से 12 महीनों में सोने की कीमत 1.68 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं, धनतेरस पर कमजोर मांग के कारण दिल्ली सराफा बाजार में सोना 2,500 रुपये और चांदी 2,000 रुपये सस्ती हुई।सोने की कीमतों में आने वाले महीनों में और तेजी देखने को मिल सकती है। वैश्विक बाजार के मौजूदा रुझानों को देखते हुए अगले छह से 12 महीनों में घरेलू बाजार में इसका भाव 1.68 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने का अनुमान है।

गिरावट पर खरीदारी का अच्छा मौका

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के मुताबिक, कीमतों में गिरावट आने पर निवेशकों के लिए खरीदारी का अच्छा मौका होगा। रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव मध्यम अवधि में 4,500 से 4,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। वहीं, घरेलू बाजार में निकट अवधि का लक्ष्य 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रखा गया है।

धनतेरस पर सोना 2,500 रुपये सस्ता

मांग कमजोर रहने से धनतेरस के दिन दिल्ली सराफा बाजार में सोना 2,500 रुपये सस्ता होकर 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमत भी 2,000 रुपये घटकर 1,92,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही।

ऊंची कीमतों से ग्राहक बरत रहे सतर्कता

आभूषण कारोबारियों ने कहा कि पिछले साल धनतेरस के मुकाबले इस बार बिक्री में खास सुधार नहीं हुआ है। बहुमूल्य धातुओं के ऊंचे दाम और आगे होने वाले उतार-चढ़ाव को लेकर अनिश्चितता से ग्राहक सतर्कता बरत रहे हैं।

दीपावली पर देशभर में अब तक 6 लाख करोड़ से अधिक का कारोबार : कैट

नई दिल्ली,(ए.)। दीपावाली से पहले धनतेरस पर देशभर के बाजारों में जमकर खरीदारी हुई। सोने-चांदी के आभूषणों से लेकर मोबाइल, टीवी, कपड़े, मिठाइयां और सजावट के सामान की खूब बिक्री हुई। इस बार दिल्ली में कारोबार एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया। देशभर में दीपावली से जुड़ा कारोबार 6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुका है।कारोबारियों के संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने शनिवार को एक बयान में अनुमान जताया कि दीपावली पर खरीदारी का यह आंकड़ा बढ़कर 7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। कैट ने दिल्ली के व्यापारियों की ओर से दिल्लीवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने इस बार दीपावली की खरीदारी में जिस उत्साह, विश्वास और बड़ी संख्या में बाजारों में पहुंचकर भागीदारी की है।

सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

नैरेटिव समस्या का समाधान नहीं

गरीबी में भारी गिरावट का दावा करने वाली विश्व बैंक की रिपोर्ट आने के सिर्फ दो दिन पहले केपीएमजी-इंडिया ने बताया था कि भारत की 35 फीसदी आबादी कुपोषण या खाद्य असुरक्षा से ग्रस्त है।विश्व बैंक के मुताबिक भारत की अब सिर्फ 2.6 फीसदी आबादी चरम गरीबी की अवस्था में है। विश्व बैंक की चरम गरीबी का फॉर्मूला 2021 के कीमतों के मुताबिक क्रय शक्ति समतुल्यता (पीपीपी) पर प्रति दिन प्रति व्यक्ति खर्च क्षमता तीन डॉलर यानी लगभग 63 रुपये है। बैंक ने कहा कि 2011-23 के बीच भारत में 49 करोड़ 60 लाख लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया। अब इस रेखा के नीचे भारत में अब केवल लगभग 14 प्रतिशत आबादी है। बैंक की गरीबी रेखा प्रति दिन पीपीपी 4.2 डॉलर यानी लगभग 87 रुपये है।यानी मासिक तकरीबन 2,700 रुपये। घर में चार व्यक्ति हों, तो जिस परिवार की मासिक आय 10,800 रुपये है, विश्व बैंक की परिभाषा के मुताबिक वह गरीब नहीं है। अब इस रकम में कोई परिवार क्या उपभोग करेगा और उसका जीवन स्तर कैसा होगा, यह अंदाजा लगाया जा सकता है। इस रूप में सोचते हुए इस विडंबना को बेहतर समझा जा सकता है कि विश्व बैंक की ये रिपोर्ट आने के सिर्फ दो दिन पहले मार्केटिंग एजेंसी केपीएमजी- इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि भारत की 35.5 प्रतिशत आबादी यानी लगभग 52 करोड़ लोगों को क्रय शक्ति की कमी के कारण स्वस्थ और पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। केपीएमजी ने कहा कि भारत के पास अनाज की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद देश की एक तिहाई से ज्यादा आबादी कुपोषण या खाद्य असुरक्षा से ग्रस्त है।तो ऐसे परस्पर विरोधी आंकड़ों को देख कर आम इनसान तो दूर, अर्थव्यवस्था को समझने वाले पढ़े-लिखे लोगों का भी दिमाग चकरा जाए, तो उसे स्वाभाविक ही माना जाएगा। और ऐसा नहीं है कि ऐसे अंतर्विरोध नासमझी या आंकड़ों के अभाव के कारण पैदा होते हैं। अब इस बारे में पर्याप्त अध्ययन है, जिसके मुताबिक चालू नीतियों और जारी आर्थिक सोच को वैध एवं आम जन में स्वीकार्य बनाने के लिए आंकड़ों की व्याख्या के तरीके गुजरे दशकों में इज़ाद किए गए। और जब मकसद जमीनी हकीकत को समझना नहीं, बल्कि नैटेरिव गढ़ना हो, तो फिर बात ही पलट जाती है। लेकिन नैरेटिव समस्या का समाधान नहीं हैं।

(शुभ दीपावली)

दीपों के उत्सव में श्रम की बूंदों को मिले उचित सम्मान।

संजीव ठाकुर

भारत त्योहारों और पर्वों की भूमि हैद्य एक ऐसा देश, जहाँ ऋतुएँ बदलती हैं तो उनके साथ लोक-जीवन में उल्लास की नई धारा प्रवाहित हो उठती है। दीपावली उत्सव दीपों और उजाले का का महापर्व अब केवल भारत देश में ही नहीं मनाया जाता बल्कि यह त्योहार अब वैश्विक स्तर पर उजाले के उत्सव के रूप में स्थापित हो चुका है। भारत का प्रत्येक उत्सव केवल आनंद का अवसर नहीं, बल्कि संस्कृति, श्रद्धा, कृतज्ञता और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। इन्हीं पर्वों में दीपावली का स्थान सर्वोच्च और सर्वप्रिय है। आज दीपावली की ज्योति केवल भारत के आँगन में ही नहीं, बल्कि विश्व के अनेक देशों में प्रज्वलित होती है।



अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, स्विट्ज़रलैंड, चीन, जापान जैसे देशों में बसे भारतीय समुदाय इसे पूरे श्रद्धा, स्नेह और संस्कारों के साथ मनाते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तो व्हाइट हाउस के द्वार दीपावली पर्व के लिए विशेष रूप से जनता हेतु खोल दिए और यह कहा कि — 卐व्हाइट हाउस जनता का ही है, और दीपावली का यह उत्सव सबके लिए है।卐 डोनाल्ड ट्रंप भी इस बात से छूट नहीं उन्होंने दिवाली के लिए विशेष व्यवस्था वाशिंगटन में रखने की विशेष निर्देश दिए हैं। ग्रेट ब्रिटेन में भी यह पर्व भारत की ही भाँति उल्लास, दीपमालाओं और पारंपरिक सज्जा के साथ मनाया जाता है।कार्तिक अमावस्या की रात को जब अनगिनत दीप अपने छोटे-से अस्तित्व से अंधकार को चुनौती देते हैं, तब वह अमावस्या मानो शरद पूर्णिमा में रूपांतरित हो जाती है। यह दीपोत्सव केवल ज्योति का नहीं, आत्मा के आलोक का पर्व है। पौराणिक परंपरा के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम ने चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात सीता एवं लक्ष्मण सहित अयोध्या लौटकर रावण पर विजय प्राप्त की थी। उनके स्वागत में सम्पूर्ण अयोध्या नगरी घी के दीपों से आलोकित हो उठी। इस विजयोत्सव के रूप में तब से यह पर्व अनवरत रूप से मनाया जाता है। एक अन्य कथा के अनुसार, समुद्र-मंथन के समय इसी दिवस पर देवी लक्ष्मी का प्रादुर्भाव हुआ था; अतः इस दिन लक्ष्मी पूजन का अत्यंत शुभ महत्व है। दीपावली की रात जनमानस प्रतीक रूप में आशा और स्वागत की प्रतीक्षा में द्वार खुले रखते हैं, दीप जलाते हैं — मानो कह रहे हों, 卐हे सौभाग्य, हे प्रकाश, हमारे घर में पधारो।卐 व्यापारी समुदाय के लिए यह पर्व नववर्ष का आरंभ भी है। वे इस दिन अपने पुराने बही-खाते समाप्त कर नवीन लेखे आरंभ करते हैं — यह नवता, स्वच्छता और शुभारंभ का प्रतीक है।वर्तमान संदर्भ में दीपावली का महत्व और भी व्यापक हो जाता है। यह दिन आर्य समाज के प्रवर्तक स्वामी दयानंद सरस्वती के निर्वाण दिवस के रूप में भी स्मरण किया जाता है। इसी प्रकार जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण भी इसी पावन तिथि को हुआ था। अतः आर्य समाज तथा जैन समुदाय के लिए यह दिन श्रद्धा, साधना और प्रकाश का विशेष पर्व है। दीपावली केवल घरों की सजावट का त्यौहार नहीं यह शरीर, मन और आत्मा की स्वच्छता का पर्व है। इस दिन लोग अपने घरों की सफाई के साथ-साथ अंत:करण के विकारों को भी धोने का प्रयास करते हैं। दीपों की लौ केवल दीवारों को नहीं, अंतरतम के अंधकार को भी आलोकित करती है। इसी उजास से उत्पन्न होती है सच्ची सम्पन्नता भौतिक नहीं, आध्यात्मिक।

बाजारों की रौनक, मिठाइयों की मिठास और स्वर्णाभूषणों की चमक से भी परे, दीपावली का वास्तविक अर्थ है आशा, करुणा और ज्ञान का प्रसार। यही कारण है कि यह पर्व राष्ट्र की आर्थिक चेतना के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बन चुका है। धनतेरस से दीपावली तक करोड़ों-अरबों का व्यापार होता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था में भी नवोन्मेष का संचार होता है।

दीपावली का गूढ़ संदेश यही है —

"दीप जलाना केवल रोशनी करने का कार्य नहीं,
यह अंधकार से संवाद करने की कला है।"
इसी भाव को साकार करती पंक्तियां
आओ ज्ञान का दीप जलाएँ अज्ञानता के घनघोर तमस में,ज्ञान के सहस्त्र दीप जलाएँ, दूर करें अंधियारा जगत से।
निराशा मन-मस्तिष्क से मिटाएँ, आओ एक ज्ञान का दीप जलाएँ।卐
यही है दीपावली का सच्चा स्वरूप — अंधकार से प्रकाश की यात्रा, विकार से विचार की ओर प्रस्थान। आज यह पर्व केवल भारतीय सीमाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वैश्विक स्तर पर मानवता, सद्भाव और उजास का उत्सव बन चुका है।
दीपों की यह उजली भाषा,
मानवता का सच्चा आलोक है।
दीप जलें बाहर भी, भीतर भी।

सभी देशवासियों एवं समस्त विश्व को दीपावली की हार्दिक, मंगलमय एवं आलोकित शुभकामनाएँ।

विशेष लेखः सरगुजा की जीवनदायिनी श्याम घुनघुट्टा परियोजना बनी अन्नदाताओं का सहारा, 63 गांवों के खेतों तक पहुंच रहा सिंचाई का पानी

खेतों में लहलहाती फसलों के लिए पानी सबसे बड़ी जरूरत है। जब बारिश कम होती है और खेतों में नमी घटने लगती है, तब सिंचाई के भरोसेमंद साधन किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होते। सरगुजा जिले की श्याम घुनघुट्टा परियोजना वर्षों से किसानों की इसी जरूरत को पूरा कर रही है। जिले की जीवनदायिनी कही जाने वाली इस परियोजना की 236 किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली के माध्यम से 63 गांवों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंच रहा है। लगभग 35 वर्ष पुरानी नहरों के जीर्णोद्धार और लाइनिंग कार्य से जल वितरण व्यवस्था को मजबूती मिली है। विशेष रूप से अल्प वर्षा के दौरान परियोजना किसानों के लिए महत्वपूर्ण सहारा साबित हुई है।

श्याम घुनघुट्टा परियोजना की उपयोगिता केवल खेतों की सिंचाई तक सीमित नहीं है। यह अम्बिकापुर शहर की पेयजल आपूर्ति का भी प्रमुख आधार है। एक ओर परियोजना की नहरें ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-किसानी को सहारा दे रही हैं, वहीं दूसरी ओर इससे नगर निगम अम्बिकापुर को अमृत योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 8.93 मिलियन घनमीटर जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

35 वर्ष पुरानी नहरों को मिला नया जीवन, 23.81 करोड़ रुपये से हुआ जीर्णोद्धार



जल संसाधन संभाग क्रमांक-01, अम्बिकापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम घुनघुट्टा परियोजना लगभग 35 वर्ष पुरानी है। लंबे समय से संचालित इस परियोजना की नहरों में समय के साथ कई स्थानों पर दरारें पड़ गई थीं। इसके अलावा जलीय जीव-जंतुओं द्वारा बिल बनाए जाने से भी नहरों के क्षतिग्रस्त होने की समस्या सामने आती थी।

नहरों के क्षतिग्रस्त होने से जल प्रवाह प्रभावित होता था। कई स्थानों पर पानी के रिसाव और नहरों की खराब स्थिति के कारण सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने में कठिनाइयां होती थीं। इससे किसानों को आवश्यकतानुसार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी प्रभावित होती थी।

इन समस्याओं के समाधान के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों के जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य की योजना तैयार की गई। इसके अंतर्गत 08 मार्च 2019 को 2381.84 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

स्वीकृत राशि से नहरों का जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य पूर्ण कराया गया है। इससे पुरानी नहरों की स्थिति में सुधार हुआ है और सिंचाई के लिए जल प्रवाह एवं वितरण व्यवस्था पहले की तुलना में बेहतर हुई है।

जब बारिश ने छोड़ा साथ, तब नहरों के पानी ने किसानों को दी राहत

सरगुजा जिले में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के दौरान अल्प वर्षा की स्थिति बनी थी। पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण किसानों के सामने फसलों की सिंचाई की समस्या उत्पन्न हो गई थी। खेतों में पानी की कमी से कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई थी।

ऐसे समय में श्याम घुनघुट्टा परियोजना किसानों के लिए महत्वपूर्ण सहारा बनी। परियोजना की नहर प्रणाली के माध्यम से जिले के 63 गांवों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया गया। इससे किसानों को वर्षा की कमी के बावजूद कृषि कार्य जारी रखने में सहायता मिली।

जिन किसानों की खेती वर्षा पर निर्भर रहती है, उनके लिए जरूरत के समय सिंचाई का पानी उपलब्ध होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्याम घुनघुट्टा परियोजना ने अल्प वर्षा की स्थिति में भी खेतों तक पानी पहुंचाकर कृषि गतिविधियों को सहारा देने में अपनी उपयोगिता साबित की है।

236 किलोमीटर की नहर प्रणाली, 63 गांवों की खेती को मिल रहा संबल

श्याम घुनघुट्टा परियोजना के अंतर्गत लगभग 236 किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली विकसित है। इस विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से जिले के 63 गांवों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जा रहा है।

नहरों के जीर्णोद्धार और लाइनिंग कार्य से जल प्रवाह की व्यवस्था में सुधार हुआ है। क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत होने से पानी के वितरण को अधिक व्यवस्थित बनाने में सहायता मिली है।

परियोजना से उपलब्ध सिंचाई सुविधा किसानों को कृषि कार्यों के लिए पानी का महत्वपूर्ण स्रोत प्रदान कर रही है। विशेष रूप से वर्षा की अनिश्चितता के बीच नहरों से पानी मिलने से खेती के लिए अतिरिक्त सहारा उपलब्ध होता है।



मेष राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में पिता का सहयोग मिलेगा।

वृष राशि : आज का दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापार में आज आपको रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। आज अपना पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें।

मिथुन राशि : आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नये कार्यो को सीखने में लगेगा। आज आपके बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें।

कर्क राशि : आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। महिलायें आज घर के काम-काज निपटाने में सफल रहेंगी। आज जीवनसाथी को मनाने के लिए उन्हें उनके मनपसंद का उपहार देंगे। आज कोई भी फैसला सोच-समझकर लें, परिवार वालों की सलाह लेना ज्यादा अच्छा रहेगा।

सिंह राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन किसी जानकार से सलाह लेने पर जल्द ही वह दूर भी हो जायेगी।

कन्या राशि : आज का दिन आपके फेवर में रहने वाला है। आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने को करेगा। आर्थिक रूप से आज आपकी स्थिति मजबूत बनेगी। अपने अधूरे कार्यो को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आपका आत्मविश्वास ही आज आपके लिये सफलता की कुंजी साबित होगा। प्रशासनिक कार्यों को पूरा करने के लिये आपको थोड़े धैर्य से काम लेना होगा।

तुला राशि : आज आपके मन में नएङ्कनए विचार आएंगे। आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आपके बनाए प्लान में कोई बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। व्यापार में अच्छा लाभ होने से, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा।

वृश्चिक राशि : आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आज आपके लिये धन लाभ के योग बने हुये हैं। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान होगा। शत्रु आपको हराने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपके सम्मुख ठहर नहीं सकेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को विशेष सफलता हासिल होगी, ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

धनु राशि : आज आपका रुझान अध्यात्मक की तरफ ज्यादा रहेगा। आज घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करेंगे, जिसमें लोगों का आना-जाना लगा रहेगा। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज किसी प्रतियोगिता में आपकी परफॉरमेंस अच्छी रहने वाली है।

मकर राशि :आज आपका दिन आपके लिये नयी खुशियां लाने वाला है। आज कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलेरी में बढ़ोतरी भी हो सकती है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आज आपकी बात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से विचार विमर्श करेंगे।

मीन राशि :आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। संतान की करियर को बेहतर बनाने के लिए आज किसी शिक्षक से सलाह लेंगे। दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते हैं। पूरा दिन एंज्वॉय से भरा रहेगा। ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं।

जातियों का हिसाब साफ नहीं हो पाएगा

अरविन्द मोहन

दिलचस्प है कि 1931 में जब आखिरी जातिवार जनगणना हुई थी तब 4147 जातियां गिनी गई थी। 1980 के दशक में समाजशास्त्री कुमार सुरेश सिंह के नेतृत्व में भारतीय समाज के व्यापक सर्वेक्षण में भी करीब 3800 जातियां गिनी गई थी। यह सर्वेक्षण रिपोर्ट 43 खंडों में उपलब्ध है। पर सरकार चाहेगी तब ये हिसाब हैं। अगर वही टालना चाहती है तो जातिवार जनगणना के सवाल को दफन ही मानिए।

माना जाता है कि 2011 की जनगणना में जाति की सूचना जोड़ने का फैसला जिस राजनैतिक दबाव में लिया गया उसे बनाने में शरद यादव की भूमिका सबसे बड़ी थी। मण्डल की राजनीति से देश में चर्चित हुए शरद यादव को इस मुहिम की हवा कमजोर होते जाने का अंदाजा था और उसके कारणों को दूर करना उनके वश में न था। एक बड़ा कारण तो मण्डल का राजनैतिक लाभ गिनती के परिवारों में सिमट जाना था। लेकिन उनको भरोसा था कि एक बार जब जातिवार गिनती के आँकड़े सामने आएंगे तो फिर से जाति का विमर्श राजनीति के केंद्र में आ जाएगा। यह गिनती हुई भी लेकिन ऐसा नतीजा नहीं निकाला। उसकी वजह जातिवार आँकड़े कभी जारी ही न हो पाना है।

पहले यह लगता रहा कि कांग्रेस की अगुआई वाली यूपीए सरकार की इच्छा न थी और वह शुरू से ताल मटोल कर भी रही थी। उसने मुख्य जनगणना के सवालों में जाति वाली सूचना मांगी भी नहीं थी। यह सर्वे बाद में हुआ। लेकिन बाद में यह जाहिर हुआ कि आंकड़े बहुत ही खराब स्वरूप में आए हैं और अगर उनको जारी किया गया तो झगड़े बढ़ेंगे और जातियों का आपसी संबंध कलह में बदल सकता है। योजना बनाने, संसाधनों के बंटवारे और सत्ता में हिस्सेदारी के बंटवारे के जिस उद्देश्य से इसे कराने का आग्रह किया गया था वह कोई भी लक्ष्य पूरा होता नहीं दिख रहा था।

फिर न आँकड़े जारी हुए न कारण बताया गया। मनमोहन सरकार अपनी आदत के अनुसार आलोचना सुनकर भी चुप रही और विपक्ष, जिसमें भाजपा भी शामिल थी, इस चूक या गलती का ठीकरा सरकार के सिर फोड़कर अपनी राजनीति चमकाता रहा। इसमें मण्डल वाला खेमा तो निरंतर कमजोर पड़ता गया और दो राज्यों तथा परिवारों की राजनीति तक सिमट गया लेकिन दिन ब दिन ताकतवर होती गई भाजपा भी इस सवाल से कांग्रेस को पीटने में पीछे नहीं रही। लेकिन अचानक पाला पलटा क्योंकि राहुल गांधी जातिवार जनगणना के पक्ष में हो गए। उन्होंने बाजापता कांग्रेसी सरकारों द्वारा लगाई गई देरी को गलत कहना भी शुरू किया।

यह शुरुआत तब हुई जब बिहार सरकार ने अपने यहां जातिवार जनगणना का फैसला किया और कांग्रेस उस सरकार में शामिल थी। सहमति तो बिहार भाजपा ने भी दी थी लेकिन केंद्र सरकार ने इसे रोकने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने से लेकर हर उपाय किए। लेकिन जब राहुल गांधी और उनके पीछे पूरी मंडलवादी धारा ने जातिवार जनगणना को एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया तो भाजपा को भी पक्ष में दिखने की मजबूरी हो गई। राहुल को अब यह अपना एक नया हथियार लगाने लगा।

लेकिन भाजपा जातिवार जनगणना की कौन कहे सामान्य जनगणना कराने से भी हिचकती रही है। इसके क्या कारण हो सकते हैं इसका अनुमान भर लगाया जा सकता है लेकिन उसकी चर्चा यहां करने का मतलब नहीं है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण और नागरिकता के सवालों पर उसका रवैया भी समझ में नहीं आता। संयोग से 2020 के आसपास फैले कोविड ने उसे एक बहाना भी दे दिया। यह जरूर है कि संघ परिवार जिस दर्शन को मानकर आगे बढ़ा है और केंद्र की सरकार तक पर अपना कब्जा करने में सफल हुआ है उसमें वर्ण व्यवस्था को उचित मानना, औरत, अल्पसंख्यक, दलित और आदिवासी का स्थान समाज में सबसे नीचे मानना शामिल है।

घ में तो आज तक कोई दलित, कोई औरत, कोई आदिवासी या ओबीसी शीर्ष के पद तक नहीं पहुंचा है जबकि संघ सौ साल से ज्यादा से काम कर रहा है। उसने बहुत बाद में आरक्षण के पक्ष में बयान दिए और चुनावी मजबूरियों के चलते पिछड़ों को स्थान देना शुरू किया लेकिन यह उनका हक मानना उसे स्वीकार नहीं है। नरेंद्र मोदी का पिछड़ा होना सिर्फ वोट की राजनीति के लिए सुविधा बढ़ाने वाला साबित हुआ है नजरिया बदलने वाला नहीं। पर जब राहुल की अगुआई में लगभग पूरे विपक्ष और भाजपा के अंदर के पिछड़े तबके ने दबाव बनाया तो उसने देर से शुरू हुई जनगणना के साथ जातिवार गणना का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया था।

पर एक बार जनगणना का शुरुआती हिसाब हो जाने के बाद जाति की गिनती जब शुरू होने वाली थी तो खबर आई कि जनगणना के फार्म में सीधे वही सूचना दर्ज कर ली जाएगी जो सामने वाला व्यक्ति अपनी जाति को लेकर कहेगा। इसमें न तो उससे कोई प्रमाण देने को कहा जाएगा और ना ही सरकार अपने वर्गीकरण के हिसाब से उसकी जाति दर्ज करने की कोशिश करेगी। दलितों के मामले में ऐसा नहीं है। वहां उनकी जाति अनुसूचित जातियों की सूची के हिसाब से दर्ज हो रही है। ऐसी गड़बड़ खास तौर से ओबीसी वर्ग के साथ हो रही है जिनकी संख्या का हिसाब ही राजनीति, अर्थनीति और समाज नीति के हिसाब से सबसे महत्वपूर्ण है।

यह समाज का सबसे बड़ा जमात है भी और राजनैतिक बदलाव को इसी जमात के लोग नेतृत्व दे रहे हैं। और यह स्थिति तब है जबकि केंद्र सरकार और हर राज्य सरकार ने अपने यहां के ओबीडी जमात की जातियों की आधिकारिक सूची तय कर रखी है। मण्डल वाले आरक्षण के लिए यह बुनियादी जरूरत है। और लग रहा है कि बात 2011 वाले अनुभव पर ही जाकर रुकेगी और जातियों का हिसाब साफ नहीं हो पाएगा।

2011 में जब लोगों को अपनी मर्जी से जाति बताने और उसी सूचना को दर्ज करने का काम हुआ तो देश में 46.7 लाख जातियां निकल आईं और इनमें कौन अगड़ा है कौन पिछड़ा इसका कोई हिसाब सामने नहीं आया। जब अंगरेजी राज में जातिवार जनगणना होती थी तब हर बार अनेक पिछड़ी जातियों की तरह से खुद को क्षत्रिय या ब्राह्मण होने का दावा पेश होता था और इसे निपटाना ज्यादा मुश्किल नहीं होता था।

K K

राष्ट्रीय समाचार

रविवार 08 नवम्बर 2026, नर्मदापुरम् (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 5

चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर टैंकर से टकराकर 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरी कार, 3 मजदूरों की मौत- 10 घायल



चित्तौड़गढ,(आरएनएस)। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में नेशनल हाईवे-27 पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में महिला सहित तीन निर्माण श्रमिकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 10 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चित्तौड़गढ़-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेनाल के पास यह हादसा उस वक्त पेश आया, जब एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पहले हाईवे पर खड़े पानी के टैंकर से टकराई और फिर सीधे 15 फीट गहरे निर्माणाधीन गड्ढे में जा गिरी। गड्ढे के भीतर पुल निर्माण कार्य में जुटे मजदूर कार के नीचे बुरी तरह दब गए, जिससे मौके पर ही चीख-पुकार मच गई।

ओवरब्रिज निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरी अनियंत्रित कारबेगूं के पुलिस उपाधीक्षक (ष्टस्क) अंकित कुड़ी के अनुसार, मेनाल जोगणिया माता जाने वाले मार्ग पर इन दिनों एक ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके लिए सड़क किनारे करीब 15 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया था, जिसमें सात मजदूर काम में जुटे हुए थे। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ की तरफ से कोटा की ओर बेहद तेज गति से आ रही एक कार अचानक बेकाबू हो गई। कार ने पहले निर्माण कार्य के लिए वहां खड़े पानी के टैंकर को भीषण टक्कर मारी और फिर उछलकर सीधे गड्ढे में जा गिरी। कर दी है।

फरीदाबाद में पार्किंग विवाद में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, परिवार समेत फरार हुआ आरोपी

फरीदाबाद (आरएनएस)। हरियाणा के फरीदाबाद में धनतेरस की रात पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी अपने परिवार के साथ फरार हो गया। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं। जानकारी के मुताबिक, परमजीत धनखड़ मूल रूप से हिसार के रहने वाले थे। वह सेक्टर-21सी स्थित मकान नंबर 641 की पहली मंजिल पर पत्नी, बेटे और बेटी के साथ रहते थे। वह एक बड़ी राष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत थे और नौकरी के सिलसिले में सिंगापुर में रह रहे थे। दो दिन पहले ही वह अपने परिवार के पास लौटे थे। 24 नवंबर को उनके भांजे की शादी होनी है। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं लेकिन इस घटना ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। बताया जा रहा है कि वारदात वाली रात आठ बजे परमजीत जिम से घर लौटे थे। इसी दौरान पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने को लेकर उनकी तीसरी मंजिल पर रहने वाले पड़ोसी मोहन उर्फ मोनू शर्मा से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर मोनू ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकाल ली और परमजीत पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। अचानक हुई फायरिंग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल परमजीत की मौत हो गई।स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों परिवारों के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका था। करीब पांच दिन पहले भी आरोपी ने परमजीत के बेटे सूर्य के साथ गाली-गलौज की थी। इस दौरान गेट तोड़ने का आरोप भी सामने आया था।

देश भर में बदलेगा मौसम का मिजाज, दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट; दिल्ली-एनसीआर में सुबह कोहरे की दस्तक

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के विभिन्न हिस्सों में मौसमी गतिविधियों में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। जहां एक ओर उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में सुबह के समय हल्की धुंध और कोहरा दस्तक देने लगा है, वहीं दक्षिण भारत, तटीय क्षेत्रों और पूर्वोत्तर राज्यों में बादलों के डेरे के साथ मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढस्छ) ने दक्षिण भारत के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके विपरीत, उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए त्योहारी सीजन के दौरान राहत की खबर है, जहां मौसम पूरी तरह शुष्क बना रहेगा और बारिश से त्योहार का रंग फीका पड़ने की कोई आशंका नहीं है।

दिल्ली-एनसीआर में आज साफ रहेगा आसमान, सुबह धुंध और कोहरे का असर

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में शनिवार को दिनभर मौसम मुख्य रूप से साफ रहने का पूर्वानुमान है, हालांकि सुबह के शुरुआती घंटों में कई इलाकों में हल्का कोहरा और धुंध छाई रह सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 1.6 से 3 डिग्री कम रहकर 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 15 से 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। सुबह के समय उत्तर-पश्चिमी दिशा से करीब 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, जिनकी गति दोपहर में 15 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। दिल्ली में फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है, लेकिन 8 और 9 नवंबर को सुबह के समय मध्यम कोहरा छाने से दृश्यता प्रभावित हो सकती है।

तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में भारी बारिश की चेतावनी, 50 किमी



की रफ्तार से चलेंगी हवाएंउत्तर भारत में मौसम के शुष्क बने रहने के उलट दक्षिण भारत में मानसूनी और मौसमी हलचल काफी तेज है। मौसम विभाग ने तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में 7 से 10 नवंबर तक गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा केरल और माहे में भी 8 नवंबर तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इन इलाकों में बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है, जिसके झोंके बीच-बीच में 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं। तटीय आंध्र प्रदेश और यानम में भी हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की जा सकती है।

पूर्व और पूर्वोत्तर के राज्यों में भी सक्रिय रहेगा मौसम, 9 से 12 नवंबर तक अलर्ट दक्षिण भारत के अलावा पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों में भी बादलों का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, ओडिशा में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है, जबकि अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में 8 से 12 नवंबर के बीच बारिश का दायरा बढ़ेगा और 9 से 11 नवंबर के दौरान भारी बारिश हो सकती है।


आईएएफ ने रचा इतिहास, 13,629 फीट ऊंचे न्योमा एयरबेस पर पहली बार उतरा 'गजराज', दुनिया में सबसे ऊंची लैंडिंग का बना रिकॉर्ड

लेह ,(आरएनएस)। भारतीय वायुसेना ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (ख्रष्ट) के नजदीक पूर्वी लद्दाख के दुर्गम और अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में अपनी सामरिक शक्ति का लोहा मनवाते हुए नया इतिहास रच दिया है। वायुसेना के चार इंजनों वाले भारी रणनीतिक परिवहन विमान आईएल-76एमडी (ढ्रस्-76स्ख्), जिसे भारतीय सेना में 'गजराज' के नाम से जाना जाता है, ने समुद्र तल से 13,629 फीट की ऊंचाई पर स्थित न्योमा एयरबेस पर सफलतापूर्वक सुरक्षित लैंडिंग की। भारतीय वायुसेना के अनुसार, यह पूरे विश्व में आईएल-76 श्रेणी के भारी विमान द्वारा अब तक की सबसे अधिक ऊंचाई पर की गई लैंडिंग का एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड है। वास्तविक नियंत्रण रेखा से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस अग्रिम एयरफील्ड पर भारी सैन्य विमान उतारकर भारत ने सीमांत क्षेत्रों में अपनी त्वरित सैन्य तैनाती की क्षमता का मजबूत संदेश दिया है।अत्यधिक ऊंचाई वाले बर्फीले इलाकों में भारी सैन्य परिवहन विमानों को उतारना तकनीकी और रणनीतिक दृष्टिकोण से अत्यंत जोखिम भरा माना जाता है। 13 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर वायुमंडलीय दबाव कम होने और हवा बेहद पतली होने के कारण विमान के इंजनों का थ्रस्ट (शक्ति) और विंग्स की लिफ्ट क्षमता काफी घट जाती है, जिससे विमान को संतुलित रखने के लिए लंबी रनवे और अत्यधिक गति नियंत्रण की आवश्यकता होती है।

दीपावली पर देश में 5 लाख करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद, दिल्ली में 80 हजार करोड़ का अनुमान : सीटीआई अध्यक्ष

नई दिल्ली , (आरएनएस)। दीपावली पर उम्मीद है कि खरीद और अन्य सेवाओं के जरिये देशभर में लगभग 5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होगा। वहीं पिछले 1 महीने से धरने-प्रदर्शनों और रैलियों से जूझ रहे दिल्ली के व्यापारियों को दीपावली की खरीदारी से 80,000 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान है। सीटीआई (व्यापार और उद्योग मंडल) अध्यक्ष बृजेश गोयल ने कहा कि एक अनुमान के अनुसार, दीपावली उत्सव के कारोबार में देशभर में 5 लाख करोड़ रुपए का कारोबार दर्ज करने की उम्मीद है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र के शीर्ष संगठन द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, ऑटोमोबाइल की कुल खुदरा बिक्री में 55 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। वाहनों की सभी श्रेणियों में टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, वाणिज्यिक वाहन, निजी वाहन और ट्रैक्टरों में क्रमश: 52, 110, 48, 70 और 58 प्रतिशत की अत्यधिक उच्च वृद्धि हुई है। ये आंकड़े दीपावली उत्सव के दौरान अपेक्षित मजबूत कारोबार दिखाते हैं।एक अनुमान के अनुसार, दीपावली त्योहार की अवधि के दौरान छोटे से लेकर उच्च श्रेणी तक के सभी प्रकार की वस्तुओं के लगभग 5 करोड़ उपहारों का आदान-प्रदान किया जाता है, जो दीपावली उत्सव की बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान देता है।सीटीआई ने होटल एवं बैंक्वेट एसोसिएशन्स, रेस्टोरेंट एवं मॉल एसोसिएशन्स, सिनेमा एसोसिएशन्स, शॉपिंग सेंटर एसोसिएशन, कार डीलर्स एसोसिएशन्स, मेकअप एवं सैलून एसोसिएशन्स, टूर एवं ट्रेवल एसोसिएशन, मार्केट एसोसिएशन्स, इंडस्ट्री एसोसिएशन्स आदि से बात करके यह निष्कर्ष निकाला है कि इस फेस्टिवल सीजन में देशभर में लगभग 5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हो सकता है।

गुजरात : बिलिमोरा में प्लास्टिक की होलसेल दुकान में भीषण आग, 8 से 10 लाख रुपये का सामान जलकर खाक



बिलिमोरा (आरएनएस)। गुजरात के नवसारी जिले के बिलिमोरा में शुक्रवार देर रात प्लास्टिक की एक होलसेल दुकान में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और न ही किसी के घायल होने की सूचना है। जानकारी के मुताबिक, बिलिमोरा आईटीआई के सामने स्थित प्लास्टिक की होलसेल दुकान में अचानक आग लग गई। शुरुआती जानकारी में आग लगने की वजह पटाखों को बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पटाखों के कारण दुकान के पीछे रखे सामान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखा प्लास्टिक का सामान तेजी से जलने लगा। दुकान से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों और दुकानदार ने शुरुआती स्तर पर अग्निशामक यंत्र और पानी की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। दुकान में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक का सामान होने के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल फायर विभाग को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही बिलिमोरा नगर पालिका की फायर टीम दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग की भयावहता को देखते हुए गणदेवी नगर पालिका की फायर टीम को भी सहायता के लिए बुलाया गया। इसके बाद दोनों फायर टीमों ने मिलकर आग पर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की आतंकी रणनीति में बदलाव, ढ्ढस्ढ्ढ ने अपनाई मल्टी-कैंप रणनीति

नई दिल्ली (आरएनएस)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को हुए बड़े नुकसान के बाद वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। अब जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के लिए एक बड़े और केंद्रीकृत ठिकाने के बजाय पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में कई छोटे प्रशिक्षण और संचालन केंद्र तैयार किए जा रहे हैं।खुफिया आकलन के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर में बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय और मुरीदके स्थित लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र को निशाना बनाए जाने से पाकिस्तान को यह एहसास हुआ कि एक ही स्थान पर बड़े आतंकी ठिकाने बनाए रखना जोखिम भरा है। भारतीय सशस्त्र बलों ने इन ठिकानों को आसानी से निशाना बनाया था।इसके बाद आईएसआई ने तीनों आतंकी संगठनों के प्रमुखों के साथ मिलकर नई रणनीति तैयार की।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में भाजपा प्रदेश कार्यालय में दिवाली के त्योहार से पहले 'दीपावली हवन' में हिस्सा लिया।

दीपावली पर गरीबों की दुकानों और रोजी-रोटी पर बुलडोजर चलाना सरकार की गरीब विरोधी सोच को दर्शाता है : टीकाराम जूली

अलवर , (आरएनएस)। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि दीपावली जैसे पावन पर्व पर अपनी मेहनत और स्वाभिमान से परिवार का पालन-पोषण करने वाले छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-ठेले वालों और गरीब व्यापारियों की दुकानों को प्रशासन द्वारा बलपूर्वक हटाकर उनकी रोजी-रोटी पर प्रहार करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जूली ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बच्चे का वीडियो देखा, जिसमें वह बेहद भावुक होकर कह रहा था कि मैंने कोई चोरी नहीं की है, बस ईमानदारी से मेहनत करके अपना और अपने परिवार का गुजारा करना चाहता हूं, लेकिन सरकार वो भी नहीं करने दे रही। बच्चे के ये शब्द उनके दिल को भीतर तक छू गए। उसकी बेबसी और दर्द ने उन्हें व्यथित कर दिया। इसी बच्चे से मिलने और उसका दर्द समझने के लिए वे विशेष रूप से अलवर आए तथा उसकी दुकान पर पहुंचकर उससे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वहां छोटे दुकानदारों से खरीदारी भी की।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज अलवर में प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात के दौरान उनके सामने कई परिवारों की पीड़ा आई। किसी की दुकान उजड़ गई, किसी का ठेला छिन गया तो किसी के सामने परिवार के दो वक्त के भोजन का संकट खड़ा हो गया है। जिन हाथों में दीपावली के दीप होने चाहिए थे, उन्हीं परिवारों की आंखों में आज बेबसी के आंसू हैं।

कपिल शर्मा कैफे गोलीबारी मामला : कनाडा पुलिस ने दो लोगों पर तय किए आरोप, जल्द होगी सुनवाई



वैंकूवर (आरएनएस)। कनाडा के सरे शहर में भारतीय कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर हुई गोलीबारी और एक महिला के घायल होने से जुड़े दूसरे मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। ब्रिटिश कोलंबिया की प्रांतीय जबरन वसूली निरोधक टास्क फोर्स ने शुक्रवार को 22 वर्षीय परदीप सिंह और सवीर खान के खिलाफ आरोप तय किए जाने का ऐलान किया। दोनों को 1 नवंबर को सरे से पकड़ा गया था और फिलहाल वे हिरासत में हैं। दोनों पर गोलीबारी की दो अलग-अलग घटनाओं में लापरवाही से हथियार चलाने के दो-दो आरोप लगाए गए हैं। प्रत्येक घटना के लिए एक आरोप है। हालांकि, अदालत में अभी इन आरोपों को साबित किया जाना बाकी है।

कनाडाई मीडिया संस्थान द कैनेडियन प्रेस के मुताबिक, गोलीबारी की घटना कपिल शर्मा के कैफे कप्स कैफे में हुई थी। पुलिस की ओर से जारी तारीख और स्थान का विवरण 16 अक्टूबर 2025 को प्रतिष्ठान पर हुए हमले से मेल खाता है।

घटना के समय कैफे बंद था, लेकिन उसके भीतर दो कर्मचारी मौजूद थे। गोलीबारी में दोनों सुरक्षित रहे और किसी को चोट नहीं आई।

इससे चार दिन पहले, 12 अक्टूबर को 103ए एवेन्यू के 13000 ब्लॉक स्थित एक घर पर भी गोलीबारी हुई थी। इस घटना में एक महिला घायल हो गई थी।

दोनों घटनाओं के बीच संभावित संबंध सामने आने के बाद प्रांतीय जबरन वसूली निरोधक टास्क फोर्स ने जांच अपने हाथ में ले ली थी। गिरफ्तारी की कार्रवाई में सरे पुलिस सेवा और ब्रिटिश कोलंबिया की संयुक्त विशेष प्रवर्तन इकाई ने भी सहयोग किया।

आरसीएमपी के वरिष्ठ अधिकारी चीफ सुपरिंटेंडेंट डंकन पाउंड ने बताया कि आरोप तय होने से पहले एक साल से अधिक समय तक जांच चली। इस दौरान तलाशी वारंट, न्यायिक अनुमति और साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया।

पाउंड ने कहा कि इन घटनाओं से स्थानीय समुदाय में पैदा हुई चिंताओं को पुलिस समझती है और साझा करती है।

दीपोत्सव का गौरवशाली दशक अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान की पुनर्स्थापना का साक्षी : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में दीपोत्सव को लेकर कहा कि यह गौरवशाली दशक उस ऐतिहासिक संकल्प की सिद्धि का साक्षी है, जिसने सदियों की प्रतीक्षा को भव्य यथार्थ में बदलते हुए अयोध्या को उसकी सांस्कृतिक पहचान और गौरव के साथ पुन: प्रतिष्ठित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, वर्ष 2017 में पुण्यसलिला सरयू के तट पर प्रज्वलित संकल्प की एक लौ ने आज भारत के सांस्कृतिक गौरव को वैश्विक पटल पर नई पहचान और प्रतिष्ठा प्रदान की है। उन्होंने लिखा, श्री अयोध्या धाम में दीपोत्सव का यह ऐतिहासिक दशक केवल दीपों की जगमगाहट और विश्व कीर्तिमानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रभु श्री राम की नगरी के त्रेतायुगीन वैभव, सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण और राष्ट्र के आत्मगौरव की पुनर्स्थापना का स्वर्णिम अध्याय बना है। राम की पैड़ी पर प्रज्वलित लाखों दीपों ने अंधकार को दूर करने के साथ आस्था, अंत्योदय और स्थानीय स्वावलंबन की नई ज्योति भी प्रज्वलित की है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, यह गौरवशाली दशक उस ऐतिहासिक संकल्प की सिद्धि का साक्षी है, जिसने सदियों की प्रतीक्षा को भव्य यथार्थ में बदलते हुए अयोध्या को उसकी सांस्कृतिक पहचान और गौरव के साथ पुन: प्रतिष्ठित किया।

उन्होंने आगे लिखा, दीपोत्सव के इस गौरवशाली 10वें संस्करण पर आइए, हम सब प्रभु श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। ऐसा रामराज्य, जहां विकास का प्रकाश समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन तक पहुंचे और आस्था, समरसता और सेवा की यह सनातन ज्योति युगों-युगों तक आलोकित होती रहे।



बता दें कि 10वें दीपोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिन (शनिवार-रविवार) को अयोध्या में रहेंगे। इस दौरान वह भगवान श्रीराम के स्वागत से लेकर राजतिलक, सरयू आरती और दीप प्रज्वलन सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सीएम की मौजूदगी में रामनगरी में परंपरा, आस्था और आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। राम की पैड़ी पर दीपों की रोशनी के साथ प्रोजेक्शन मैपिंग, लेजर और ड्रोन शो आकर्षण का केंद्र होंगे।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर करीब 2.40 बजे रामकथा पार्क के पास बने हेलीपैड पर पहुंचेंगे। यहां से वह दीपोत्सव की भव्य झांकियों का अवलोकन करेंगे और रथ खींचने के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर से भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के स्वरूपों के साथ अयोध्या के ऊपर पुष्पवर्षा करेंगे। इसके बाद भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के स्वरूपों का राजतिलक किया जाएगा। मुख्यमंत्री रामकथा पार्क में आयोजित कार्यक्रम में संत-महात्माओं, आमजन और श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे।

दिवाली पर सरकारी कर्मचारियों को तोहफा, इन दो राज्यों ने भी बढ़ाया महंगाई भत्ता; खाते में आएगा एरियर

नई दिल्ली (आरएनएस)। त्योहारी सीजन के बीच सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए राहत भरी खबरों का सिलसिला जारी है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले महीने 3 प्रतिशत डीए (DA) बढ़ाए जाने के बाद अब दो और राज्यों- कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश ने अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का औपचारिक ऐलान कर दिया है। दिवाली से ठीक पहले मिले इस वित्तीय तोहफे से दोनों राज्यों के लाखों सेवारत कर्मचारियों और पेंशनधारकों को बढ़ती महंगाई से सीधे तौर पर राहत मिलेगी। दोनों ही राज्यों में बढ़ी हुई दरें 1 जुलाई 2026 से प्रभावी मानी जाएंगी, जिसका बकाया एरियर भी कर्मचारियों के बैंक खातों में क्रेडिट किया जाएगा।

कर्नाटक में 2.5% बढ़ा महंगाई भत्ता, 18 प्रतिशत हुआ । कर्नाटक राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्तेÕ (DA) और महंगाई राहत (DR) में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी है। इस बढ़ोतरी के बाद राज्य के संशोधित वेतनमान (2024 Revised Pay Scales) के तहत आने वाले कर्मियों का कुल डीए बढ़कर 18 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 15.75 प्रतिशत था। सरकार के इस निर्णय से राज्य के करीब 6.5 लाख सेवारत कर्मचारियों और 5.5 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को सीधा वित्तीय लाभ पहुंचेगा।

व्हाइट हाउस के पास हथियारों के साथ शख्स गिरफ्तार, दावा- ट्रंप को मारने का इरादा था

वाशिंगटन (आरएनएस)। व्हाइट हाउस के पास से एक 30 वर्षीय वेनेजुएलाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि वो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के इरादे से व्हाइट हाउस के नजदीक था। युवक की पहचान वेनेजुएला के रोनी योरड्रिक्स गुआनिपा क्रिनोस के रूप में हुई है। व्हाइट हाउस के पास उसकी कार भी खड़ी हुई थी, जिसमें से 3 बंदूकें और कारतूस मिले हैं। पुलिस को जांच में पता चला कि यह कार भी चोरी की गई थी।रिपोर्ट के मुताबिक, संदिग्ध ने कथित तौर पर अधिकारियों को बताया कि उसके दिमाग में कुछ आवाजें आ रही थीं, जिन्होंने उसे राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या करने का निर्देश दिया था।सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने गुरुवार रात करीब 11:42 बजे संदिग्ध को व्हाइट हाउस के बाहर खड़ी नीले रंग की कार में सोते हुए देखा। पूछताछ में उसने बताया कि उसके पास कुछ हथियार हैं, जिन्हें वह सरकार को सौंपना चाहता है। अधिकारियों को कार से एक मैक-10 मशीन पिस्टल, एक ग्लॉक 43एक्स पिस्टल और एक एआर-15 राइफल मिली है। इसके अलावा दर्जनों राउंड गोला-बारूद भी बरामद किया गया है।ये भी पता चला है कि कार दक्षिण कैरोलिना से चोरी की गई थी।डीएचएस ने कहा कि आरोपी अवैध अप्रवासी है, जिसने मार्च 2024 में टेक्सास के रास्ते अमेरिका में प्रवेश किया था। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने उसके खिलाफ आव्रजन हिरासत का मामला दर्ज किया है।

अमेरिका ने ईरान पर फिर किया छोटा हमला, केशम द्वीप को बनाया निशाना

वाशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिका ने ईरान पर फिर नए सिरे से हमले किए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरानी हवाई रक्षा प्रणालियों के खिलाफ मामूली हमले किए हैं। फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, हम छोटे-मोटे हमले करते हैं। उन्होंने एक छोटा सा विमानरोधी उपकरण बनाया था, जिसे हमने लगभग 15 मिनट या शायद 5 मिनट में ही नष्ट कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, केशम द्वीप के ऊपर एक विमान की आवाज सुनाई देने के बाद, दक्षिणी ईरान के केशम द्वीप के सुजा इलाके में 2 मिसाइलें गिरी हैं। सूत्रों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, केशम द्वीप पर 2 मिसाइलें गिरी हैं। किसी तरह के नुकसान के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। हमलों के बीच ट्रंप ने शांति के भी संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा, हम उनसे बातचीत कर रहे हैं। वे समझौता करना चाहते हैं। हमने ईरान के साथ काफी प्रगति की है। हालांकि उन्होंने कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। वहीं, कतर ने भी उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत विफल हो गई है। कतर ने कहा कि ऐसे दावे युद्ध को लंबा खींचने वालों को फायदा पहुंचाते हैं। ईरानी सेना ने कहा कि फरवरी में जब अमेरिका और इजरायल ने युद्ध शुरू किया था, तब की तुलना में ईरानी सेना अब कहीं अधिक मजबूत है। ईरानी सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरमिनिया ने कहा, ईरानी सेना सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई के आदेशों का पालन करेगी। अगर वाशिंगटन ईरान पर फिर से हमले शुरू करता है, तो ईरानी सेना इस क्षेत्र के बाहर भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकती है।

400 रुपये लीटर पेट्रोल, 10 हजार की कब्र, पाकिस्तान में छाई महंगाई डायन- मौत भी सस्ती नहीं

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर एक पाकिस्तानी यूट्यूबर का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में यूट्यूबर इमरान देश में पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और रोजमर्रा की चीजों पर महंगाई के असर को लेकर नाराजगी जाहिर करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 400 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गई है और जल्द ही यह 500 रुपये का आंकड़ा भी छू सकती है।

पेट्रोल की कीमतों को लेकर जताई नाराजगी

इंस्टाग्राम पर Hooramkidunya Sana Nadeem (@hooramkidunya) नाम के अकाउंट से साझा किए गए वीडियो में एक महिला इमरान से पेट्रोल की कीमत पूछती है। इस पर इमरान बताते हैं कि पाकिस्तान में पेट्रोल 400 रुपये प्रति लीटर से ऊपर बिक रहा है। वह पेट्रोल पंप के रेट बोर्ड की ओर इशारा करते हुए 424 रुपये के आसपास कीमत होने की बात कहते हैं। हालांकि, वीडियो में दिखाई गई कीमत की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

बोले- पाकिस्तान में मरना भी सस्ता नहीं



वीडियो में बातचीत के दौरान महिला जब पूछती है कि पाकिस्तान में अब क्या सस्ता है, तो इमरान व्यंग्यात्मक अंदाज में कहते हैं कि यहां मौत भी सस्ती नहीं है। वह बताते हैं कि कब्र खोदने के लिए भी करीब 10 हजार रुपये देने पड़ते हैं। उनका यह बयान वीडियो का सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाला हिस्सा बन गया है।

6 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देखा वीडियो

सोशल मीडिया पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, Hooramkidunya Sana Nadeem के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 3 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं, जबकि उनके यूट्यूब चैनल Hooram Ki Dunya Official पर 84 हजार से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। वायरल वीडियो को 60 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। इसे करीब 1.37 लाख लाइक्स और 3,500 से ज्यादा कमेंट्स मिले हैं।

वीडियो पर भारतीय यूजर्स ने भी प्रतिक्रियाएं दी हैं। कुछ लोगों ने भारत और पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतों की तुलना की, जबकि कुछ ने वीडियो में दिखाई दे रही बाइक को लेकर टिप्पणी की। इस तरह पाकिस्तान की महंगाई पर बनाया गया यह वीडियो दोनों देशों के सोशल मीडिया यूजर्स के बीच चर्चा का विषय बन गया है।

अमेरिका में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी हैरी बॉक्सर गिरफ्तार, जल्द लाया जाएगा भारत



वाशिंगटन,(आरएनएस)। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी और हरियाणा के मोस्ट वांटेड अपराधियों में शामिल हैरी बॉक्सर को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया है। हरियाणा एसटीएफ के मुताबिक, अमेरिकी एजेंसियों ने उसे कैलिफोर्निया में हिरासत में लेने के बाद गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह अमेरिका में बैठकर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के आपराधिक नेटवर्क को संचालित कर रहा था। अब भारतीय एजेंसियां उसे देश लाने की कानूनी प्रक्रिया शुरू करेंगी। हैरी बॉक्सर का नाम बॉलीवुड से जुड़ी कई धमकी और फायरिंग की घटनाओं में सामने आ चुका है। उस पर फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी लेने का आरोप है। घटना के बाद उसने सोशल मीडिया पोस्ट और ऑडियो संदेश के जरिए बॉलीवुड की कई हस्तियों को धमकियां भी दी थीं। इसके अलावा रणवीर सिंह और तुषार कपूर को धमकाने के मामलों में भी उसका नाम सामने आया था।हैरी बॉक्सर का असली नाम हरिचंद जाट बताया जाता है। वह मूल रूप से राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बामसूर इलाके का रहने वाला है। जयपुर में रहने के दौरान उसने बॉक्सिंग सीखी थी, जिसके चलते उसे बॉक्सर नाम से पहचाना जाने लगा। शुरुआती दौर में उसने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और बॉक्सिंग कोच के तौर पर भी काम किया, लेकिन बाद में वह अपराध की दुनिया में सक्रिय हो गया।उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट, फायरिंग और कारोबारियों को धमकाकर रंगदारी मांगने जैसे कई मामले दर्ज हैं। दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में हुई विभिन्न आपराधिक वारदातों में भी उसका नाम सामने आया है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, विदेश में रहकर वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रंगदारी नेटवर्क को संचालित करने में अहम भूमिका निभा रहा था।कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर हुई फायरिंग की घटना में भी हैरी बॉक्सर का नाम सामने आया था। इसके अलावा बॉलीवुड हस्तियों को धमकियां देने के मामलों में उसकी भूमिका की जांच की जा रही है।दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ से मिले इनपुट के आधार पर अमेरिकी एजेंसियों ने कार्रवाई की। अब भारतीय एजेंसियां नोडल एजेंसी सीबीआई की मदद से उसे भारत लाने के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करेंगी।

डोनाल्ड ट्रंप ने चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स को पद से हटाया, स्टीफन मिलर को जिम्मेदारी

वाशिंगटन,(आरएनएस)। मध्यावधि चुनावों में हार के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी टीम में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने सूजी वाइल्स को चीफ ऑफ स्टाफ पद से हटा दिया है। उनकी जगह अब स्टीफन मिलर को ये अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिलर को ट्रंप के करीबी सहयोगी माना जाता है और वे प्रशासन की सख्त आव्रजन नीति के प्रमुख रणनीतिकार रहे हैं। वाइल्स को राजनीतिक कामकाज से जुड़ी भूमिका में भेजा जाएगा।

ट्रंप ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि ट्रंप प्रशासन के मौजूदा डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ और मेरे सबसे भरोसेमंद सलाहकारों में से एक स्टीफन मिलर 9 नवंबर से चीफ ऑफ स्टाफ का पद संभालेंगे। सूजी वाइल्स, जिन्होंने बहुत बेहतरीन काम किया है, अब ट्रंप के राजनीतिक अभियान में जाएंगी। चीफ ऑफ स्टाफ के तौर पर उनकी सेवाओं के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं, उन्होंने बहुत बढ़िया काम किया है।

मिलर लंबे समय से ट्रंप के आंतरिक सलाहकार समूह का हिस्सा हैं। वह 2016 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान में भाषण लेखक के रूप में ट्रंप की टीम से जुड़े थे।

फिलहाल वे व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में भी काम कर रहे हैं।

उनकी पहचान मुख्य रूप से ट्रंप प्रशासन की सख्त आव्रजन नीति के प्रमुख रणनीतिकार के रूप में रही है।

मनोरंजन

दिवाली पर घर को सजाने के लिए आजमाएं ये 5 आसान और बेहतरीन तरीके



दिवाली के मौके पर घर को सजाने के लिए लोग कई तरह के सामान खरीदते हैं, लेकिन आप चाहें तो घर को कम कीमत में भी खूबसूरत बना सकते हैं। इसके लिए आपको बस थोड़ी रचनात्मकता दिखाने की जरूरत है और खुद से कुछ करने की आदत डालनी होगी। आइए आज हम आपको 5 ऐसे आसान और बेहतरीन तरीके बताते हैं, जिन्हें आजमाकर आप अपने घर को दिवाली पर आकर्षक बना सकते हैं।

दीयों से करें सजावट

दिवाली पर दीयों का इस्तेमाल करना बहुत शुभ माना जाता है। ऐसे में आप मिट्टी के छोटे-छोटे दीये खरीदकर उन्हें अपने घर के मुख्य द्वार, आंगन और छत पर रख सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप चाहें तो अपने घर के अलग-अलग हिस्सों में दीयों की कतारें भी लगा सकते हैं। मिट्टी के दीये सजावट के लिए एक पारंपरिक और सुंदर विकल्प हैं।

फूलों से सजाएं घर

दिवाली पर फूलों से घर को सजाना एक अच्छा विचार हो सकता है। आप चाहें तो अपने घर के मुख्य द्वार पर फूलों की माला बनाकर लगा सकते हैं।इसके लिए आपको बस ताजे फूलों की पंखुड़ियों को एक डोरी में पिरोना होगा। आप चाहें तो अपने घर के आंगन या छत पर भी फूलों से सजावट कर सकते हैं।फूलों की मदद से घर को सजाने के कई तरीके हैं, जिन्हें आप आसानी से अपना सकते हैं।

रंगोली बनाएं

रंगोली भारतीय त्योहारों का अहम हिस्सा है, खासकर दिवाली के दौरान। अगर आप रंगोली के प्रति उत्साही हैं तो अपने घर के आंगन में रंगोली बनाकर उसे आकर्षक बनाएं।इसके लिए आप अलग-अलग आकारों और डिजाइनों का उपयोग कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त आप ऑनलाइन या किताबों से रंगोली के नए डिजाइनों को देखकर उन्हें आजमा सकते हैं। रंगोली बनाने के कई तरीके हैं जो आपके घर को सुंदर बना सकते हैं।

मोमबत्तियां जलाएं

दिवाली की रोशनी का त्योहार है और मोमबत्तियां इस रोशनी को बढ़ाने में मदद करती हैं। इसके लिए आप अपने घर के अलग-अलग हिस्सों जैसे कि लिविंग रूम, सोने का कमरा और बालकनी में मोमबत्तियां जला सकते हैं।हालांकि, ध्यान रखें कि मोमबत्तियों को जलाकर किसी चीज के पास न रखें क्योंकि इससे आग लगने का खतरा बढ़ सकता है।मोमबत्तियों से सजावट का तरीका बहुत आसान है और यह आपके घर को एक अलग ही चमक देता है।

दीवारों को सजाएं

अगर आप अपने घर की दीवारों को आकर्षक बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आप ऑनलाइन या किताबों से प्रेरणा लेकर खुद की दीवारों पर डिजाइन बना सकते हैं। इसके अलावा आप अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए दीवार पर लटकाने वाले सजावटी सामान और फ्रेम्स का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप चाहें तो खुद की दीवारों पर डिजाइन बनाकर उन्हें खास बना सकते हैं।

जाह्नवी कपूर पर भड़कीं रेजिना कैसेंड्रा- सीन पसंद नहीं तो छोड़ दो, बाद में रोना क्यों?

तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ होने वाले बर्ताव को लेकर चर्चा जारी है। इस बीच अभिनेत्री रेजिना कैसेंड्रा ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने जाह्नवी कपूर और राधिका आप्टे के अपने अनुभव साझा करने का स्वागत किया, लेकिन उनके बात रखने के तरीके पर सवाल उठाए। रेजिना ने कहा कि ऐसे मुद्दों पर चर्चा करते समय सावधानी बरतनी चाहिए ताकि बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के बीच बेवजह विवाद न बढ़े।

रेजिना कैसेंड्रा ने कहा कि अगर कलाकार किसी सीन या अपने किरदार के चित्रण से असहज हैं, तो उन्हें खुलकर स्टैंड लेना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर कलाकार किसी सीन से असहमत हैं तो उन्हें बिना मन के काम करते रहने के लिए मजबूर महसूस नहीं करना चाहिए।

रेजिना ने बेहद सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि आखिरकार हर फैसला कलाकार के अपने हाथ में होता है।

रेजिना ने कहा कि कलाकारों को कभी ये नहीं कहना चाहिए कि उनके पास कोई रास्ता नहीं था।

रेजिना ने साफ कहा कि एक महिला होने के नाते वो हमेशा दूसरी महिलाओं का साथ देंगी। हालांकि, उनके मुताबिक जाह्नवी कपूर और राधिका आप्टे जैसी बड़ी अभिनेत्रियां यह नहीं कह सकतीं कि उनके पास



कोई फैसला लेने का अधिकार नहीं था। अगर उन्हें किसी बात से परेशानी थी तो वे फिल्म छोड़ सकती थीं।

जाह्नवी के मुताबिक, उन्हें कई बार पता नहीं होता था कि किसी सीन को कैसे फिल्माया जाएगा।

इस पर रेजिना बोलीं, साउथ में शूटिंग वाले दिन सुबह 6 बजे भी सीन दिए जाते हैं, लेकिन कलाकारों को कहानी और अपने किरदार की जानकारी पहले से होती है। कोई भी बिना तैयारी सेट पर नहीं पहुंचता। कई फिल्मों में तो शूटिंग शुरू होने से पहले ही पूरी स्क्रिप्ट दे दी जाती है, ताकि कलाकार अपने किरदार को अच्छी तरह समझ सकें।


रेजिना ने कहा कि वो जाह्नवी और राधिका के अपनी बात रखने का समर्थन करती हैं, लेकिन बॉलीवुड अभिनेत्रियों को साउथ के बारे में सोच-समझकर बोलना चाहिए। इससे बॉलीवुड और साउथ के बीच विवाद बढ़ सकता है। उनके मुताबिक, इन मुद्दों पर बात करने और उन्हें सुलझाने के कई तरीके हैं।

इसके बाद उन्होंने केसरी चैप्टर 2 का अनुभव साझा किया। फिल्म में अक्षय कुमार की पत्नी का किरदार निभाने के बावजूद उन्हें प्रमोशन में शामिल नहीं किया गया था।

जाह्नवी के बयानों पर पलटवार करते हुए रेजिना ने कहा, धर्मा प्रोडक्शंस की केसरी चैप्टर 2 में मुख्य भूमिका निभाने के बावजूद मुझे प्रचार से पूरी तरह बाहर रखा गया। यहां तक कि मुझ पर फिल्माए गए गाने के रिलीज होने पर भी उन्हें न टैग किया गया, न कोई जानकारी दी गई।रेजिना ने सवाल उठाया, क्या दक्षिण भारत से होने की वजह से मेरे साथ ये बर्ताव हुआ? कुल मिलाकर बात का बतंगड़ बनाना मेरी आदत नहीं।

खतरों के खिलाड़ी 15 में बिगड़ी थी फरहाना भट्ट की तबीयत, बोलीं- बहुत ज्यादा रक्तस्राव हुआ

फरहाना भट्ट ने खतरों के खिलाड़ी 15 में फाइनलिस्ट बनी थीं। वह शो की सबसे दमदार प्रतियोगियों में से एक रहीं और डर का सामना करने वाले ज्यादातर टास्क में उनके प्रदर्शन की



खूब तारीफ हुई। अब हाल ही में फरहाना ने केप टाउन में शो की शूटिंग के दौरान अपनी सेहत को हुए जोखिमों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने खासतौर पर हेलीकॉप्टर स्टंट से जुड़ा अपना अनुभव साझा किया।

फरहाना ने बताया कि शो के पहले टास्क के समय उन्हें मुश्किल दौर से गुजरना पड़ा था। फरहाना ने कहा कि वह उस स्टंट से बहुत डरी हुई थी और जब हेलिकॉप्टर ने उन्हें नदी में छोड़ा, तो उन्हें काफी ज्यादा रक्तस्राव होने लगा।

फरहाना ने आगे कहा, इसके बाद मैं अपने होटल गई और मुझे अपनी पूरी जिंदगी में कभी ऐसा पेट में दर्द नहीं हुए था, जैसा उस दिन हुआ। मैं खड़ी भी नहीं हो पा रही थी।

फरहाना कहती हैं, फिर मैंने अपनी डॉक्टर को फोन किया तो उन्होंने बताया कि ऐसा तनाव की वजह से हुआ है। मैंने उनसे पूछा कि मैं अगले दिन स्टंट कैसे करूंगी? यह पहली बार था जब मुझे दर्द की दवाइयां लेनी पड़ीं, हर दिन 2 गोलियां।

फरहाना ने बताया कि जब वह भारत लौटीं, तो 3 महीने बाद उन्हें फिर से रक्तस्राव होने लगी। डॉक्टर ने फिर से यही कहा कि ऐसा तनाव की वजह से हो रहा है

फरहाना आगे कहती हैं, मैं उस दर्द को शब्दों में बयां भी नहीं कर सकती। मैंने किसी को इस बारे में नहीं बताया, मेरी आदत ही ऐसी है कि जब भी कुछ होता है तो मैं उसे अपने तक ही रखती हूं।

कॉफी मेकर खरीदने से पहले इन 5 बातों का रखें ध्यान, होगा सही चयन

कॉफी मेकर एक ऐसा उपकरण है, जो आपके घर में कॉफी बनाने की प्रक्रिया को आसान और सुविधाजनक बना सकता है। हालांकि, सही कॉफी मेकर का चयन करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी बातें बताएंगे, जिनका ध्यान रखकर आप अपने लिए सही कॉफी मेकर चुन सकते हैं और घर पर स्वादिष्ट कॉफी का आनंद ले सकते हैं।

क्षमता पर दें ध्यान

कॉफी मेकर खरीदते समय उसकी क्षमता पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

अगर आपके परिवार में कई लोग हैं या आप अक्सर मेहमानों का स्वागत करते हैं तो बड़े क्षमता वाले मॉडल का चयन करें, जो एक बार में अधिक मात्रा में कॉफी बना सके, वहीं अगर आपका परिवार छोटा है तो छोटे क्षमता वाला मॉडल भी पर्याप्त होगा। इससे आपको बार-बार पानी भरने की जरूरत नहीं पड़ेगी और कॉफी बनाने में आसानी होगी।

गर्म करने की प्रणाली का करें चयन

कॉफी मेकर के गर्म करने की प्रणाली का चयन करते समय यह देखना चाहिए कि वह कितनी तेजी से कॉफी को गर्म करता है।कुछ मॉडल तेजी से गर्म होते हैं, जबकि कुछ को गर्म होने में अधिक समय लगता है। तेजी से गर्म होने वाले मॉडल अधिक सुविधाजनक होते हैं क्योंकि आपको लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ता।इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि गर्म करने की प्रणाली बिजली की बचत करने वाली हो।

खुद-ब-खुद बंद होने वाले फीचर पर दें ध्यान

खुद-ब-खुद बंद होने वाला फीचर सुरक्षा और सुविधा दोनों ही प्रदान करता है।जब आप कॉफी बना लेते हैं तो कुछ समय बाद यह फीचर अपने आप कॉफी मेकर को बंद कर देता है, जिससे ज्यादा गर्म होने की समस्या नहीं होती और बिजली की बचत भी होती है।यह फीचर खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद होता है, जो अक्सर भूल जाते हैं कि उन्होंने कॉफी बनाई थी या नहीं।

फिल्टर प्रणाली देखें

कॉफी मेकर की फिल्टर प्रणाली भी अहमियत रखती है क्योंकि यह पानी



की गुणवत्ता और स्वाद दोनों को प्रभावित करती है।कुछ मॉडल में दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले धातु के फिल्टर होते हैं, जिन्हें धोकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है, जबकि अन्य में कागज के फिल्टर आते हैं, जिन्हें हर बार बदलना पड़ता है।दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले धातु के फिल्टर अधिक सुविधाजनक होते हैं क्योंकि इन्हें बार-बार खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती।

अतिरिक्त सुविधाएं भी देखें

कुछ कॉफी मेकर मॉडल्स अतिरिक्त सुविधाओं के साथ आते हैं जैसे कि समय सेट करने की सुविधा, प्रोग्राम करने योग्य सेटिंग्स और विभिन्न कप आकार विकल्प आदि।ये सुविधाएं आपकी कॉफी बनाने की प्रक्रिया को और भी आसान और सुविधाजनक बना सकती हैं।उदाहरण के लिए, समय सेट करने पर आप निर्धारित समय पर तैयार कॉफी का आनंद ले सकते हैं, जिससे आपका समय भी बचता है और आप अन्य कामों में भी लग सकते हैं।

छत्तीसगढ़ी लोककला और संस्कृति के संरक्षण में प्रांजल सिंह का योगदान सराहनीय–मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला, संस्कृति और पारंपरिक विधाओं को सहेजने तथा उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए समर्पित रायपुर के युवा लोककलाकार प्रांजल सिंह राजपूत के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का एक स्नेहिल पत्र असीम प्रेरणा और खुशियों की सौगात लेकर आया है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रांजल की कला साधना, शिक्षा और भरथरी लोकगायन के संरक्षण-संवर्धन के प्रयासों की सराहना किए जाने के बाद से युवा कलाकार बेहद गदगद और भावुक हैं। मुख्यमंत्री का पत्र प्राप्त होने पर अपनी खुशी साझा करते हुए प्रांजल सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री की पाती मिलना मेरे और मेरे परिवार के लिए बेहद भावुक और गौरव का क्षण है। उन्होंने न केवल मेरी कला को बल्कि मेरी शिक्षा को भी सराहा है। आज उनका पत्र पाकर मेरा मन गदगद हो गया है और यह मेरे जीवन का एक अविस्मरणीय पल है। मुख्यमंत्री जी का यह स्नेह और प्रोत्साहन मुझे छत्तीसगढ़ी लोककला को और अधिक समर्पित भाव से आगे बढ़ाने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करेगा।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने पत्र में प्रांजल सिंह की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उल्लेख किया है कि उन्होंने भौतिकी में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद लोकसंगीत की विभिन्न विधाओं को जीवंत रखा है। मती रेखा जलक्षत्री के मार्गदर्शन में भरथरी सीखने की उनकी यह कला यात्रा अब अन्य नवोदित साधकों तक भी पहुंच रही है।मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष प्रकाश डाला कि प्रांजल अपनी भरथरी प्रस्तुतियों में गायन के साथ-साथ अभिनय और नृत्य को भी बखूबी स्थान देते हैं।



(रायपुर) मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्यपाल रमेन डेका को दी दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

लगातार तीसरे साल बस्तर ओलंपिक को लेकर उत्साह, 6 लाख से ज्यादा खिलाड़ी मैदान में उतरने को तैयार

रायपुर,(आरएनएस)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किए जा रहे बस्तर ओलंपिक को लेकर पूरे बस्तर संभाग में खासा उत्साह है। इस बार छह लाख से अधिक खिलाड़ियों ने इसमें भाग लेने के लिए अपना पंजीयन कराया है। खास बात यह है कि खेल के मैदान में उतरने के उत्साह में बस्तर की बेटियां और महिलाएं पुरुषों से आगे हैं। कुल 6 लाख 492 पंजीकृत खिलाड़ियों में 3 लाख 83 हजार 094 महिलाएं और 2 लाख 18 हजार 398 पुरुष हैं।

बस्तर संभाग के सातों जिलों से इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की भागीदारी ने आयोजन को व्यापक स्वरूप दिया है। विकासखंड स्तर से शुरू होने वाली इन प्रतियोगिताओं के विजेता जिला और फिर संभाग स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा दिखाएंगे। विकासखंड स्तरीय मुकाबले 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक, जिला स्तरीय 16 नवम्बर से 25 नवम्बर तक और संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं 7 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक प्रस्तावित हैं।

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने बस्तर ओलंपिक के तीसरे संस्करण में रिकॉर्ड संख्या में पंजीयन के लिए बस्तरवासियों के उत्साह की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इसके पिछले दोनों आयोजनों ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है। शासन और लोगों के बीच प्रत्यक्ष संबंध मजबूत करने, क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने तथा उनकी रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को पहचानकर उन्हें खिलाड़ी के रूप में तैयार करने लगातार तीसरे वर्ष बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है।

बस्तर ओलंपिक में इस बार 6 लाख से अधिक खिलाड़ियों का पंजीयन, महिलाओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ा

रायपुर, (आरएनएस)। बस्तर ओलंपिक के तीसरे संस्करण को लेकर बस्तर संभाग में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बार सातों जिलों से कुल 6 लाख 492 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। खास बात यह है कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए महिलाओं और बालिकाओं ने पुरुषों से अधिक उत्साह दिखाया है। पंजीकृत खिलाड़ियों में 3 लाख 83 हजार 94 महिलाएं और 2 लाख 18 हजार 398 पुरुष शामिल हैं।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के मुकाबले तीन स्तरों पर होंगे। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं 4 से 6 नवंबर तक, जिला स्तरीय मुकाबले 16 से 25 नवंबर तक और संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं 7 से 11 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। विकासखंड स्तर के विजेता जिला स्तर और जिला स्तर के विजेता संभाग स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

उप मुख्यमंत्री एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने रिकॉर्ड संख्या में पंजीयन को बस्तरवासियों के उत्साह का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक के पिछले दोनों आयोजनों ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। शासन और आम लोगों के बीच सीधा जुड़ाव मजबूत करने, युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनकी रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को पहचानकर उन्हें खिलाड़ी के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से लगातार तीसरे वर्ष इसका आयोजन किया जा रहा है।

कांकेर पंजीयन में सबसे आगे

खिलाड़ियों का पंजीयन 1 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक किया गया। जिलावार आंकड़ों में कांकेर 1 लाख 23 हजार 216 पंजीयन के साथ पहले स्थान पर है।

आरंग में तेज रफ्तार हाइवा ने युवक को कुचला, मौके पर मौत; आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



आरंग,(आरएनएस)। आरंग-भिलाई मुख्य मार्ग पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार हाइवा की टक्कर से 35 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद नाराज ग्रामीणों ने मुआवजे और सड़क सुरक्षा की मांग को लेकर चम्पारण रोड पर चक्काजाम कर दिया। इससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

जानकारी के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ। मृतक की पहचान मनोज धीवर (35) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मनोज सुबह नहाने के लिए जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने और भारी वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की भी मांग की है।

सूचना मिलते ही आरंग तहसीलदार और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों को समझाने और स्थिति सामान्य करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य, 5 साल या उससे अधिक सेवा बाकी तो परीक्षा पास करना जरुरी

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत नियमित शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 1 से 8वीं तक पढ़ाने वाले ऐसे नियमित शिक्षक, जिनकी सेवानिवृत्ति में पांच वर्ष या उससे अधिक का समय शेष है, उन्हें सेवा में बने रहने के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करना होगा।

इस निर्णय का असर राज्य के हजारों शासकीय शिक्षकों पर पड़ सकता है। विभाग के निर्देशों के अनुसार, संबंधित शिक्षकों को टीईटी पास करने के लिए विशेष अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। निर्धारित समय में परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करने वाले शिक्षकों की सेवा पर भी असर पड़ सकता है।यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट द्वारा सिविल अपील क्रमांक 1385/2025 में 1 सितंबर 2025 को दिए गए आदेश और पुनर्विचार याचिका पर 29 मई 2026 को जारी निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है। न्यायालय ने प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की निर्धारित शैक्षणिक योग्यता को महत्वपूर्ण बताते हुए सेवारत शिक्षकों के लिए भी टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया है।

15 को छत्तीसगढ़ आएंगे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, धरमजयगढ़ में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी का बड़ा राजनीतिक और संगठनात्मक जमावड़ा होने जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन इस दिन रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ पहुंचेंगे। वे यहां भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित प्रदेश स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद नितिन नबीन का यह पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आमंत्रण पर उनका प्रदेश आगमन प्रस्तावित है। नितिन नबीन के दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उनके स्वागत और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों की भी कार्यक्रम में मौजूदगी प्रस्तावित है।आदिवासी नायकों के योगदान को सम्मान देने का आयोजन जनजातीय गौरव दिवस प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नायकों के योगदान को सम्मान देना और जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपराओं तथा विरासत को पहचान दिलाना है।भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ आदिवासी समाज को संगठित कर उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व किया था। यही वजह है कि 15 नवंबर का दिन जनजातीय समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। छत्तीसगढ़ आदिवासी बहुल राज्य है। ऐसे में जनजातीय गौरव दिवस पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का धरमजयगढ़ पहुंचना राजनीतिक और संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राष्ट्रीय नेतृत्व की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम के जरिए पार्टी जनजातीय समाज के बीच अपनी पहुंच और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने का संदेश दे सकती है। अब सबकी नजरें 11 नवंबर को स्मृति ईरानी के प्रस्तावित दौरे और 15 नवंबर को होने वाले प्रदेश स्तरीय आयोजन पर टिकी हैं।

खेल समाचार

सैंडपेपर के इस्तेमाल की जानकारी पूरी टीम को थी, उस्मान ख्वाजा ने 2018 की घटना को किया याद

नई दिल्ली (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन टेस्ट में हुए बॉल-टैम्परिंग मामले पर बयान दिया है। ख्वाजा ने कहा है उस टेस्ट के दौरान सैंडपेपर के इस्तेमाल की जानकारी पूरी टीम को थी। ख्वाजा ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड को बताया, यह हम सभी ने किया था। इसमें कोई एक बल्लेबाज, गेंदबाज या स्टाफ नहीं था। मैंने ड्रेसिंग रूम में टीम से कहा कि वे जिम्मेदारी लें, न कि स्मिथ, वार्नर और बैनक्रॉफ्ट की बात करें। उन्होंने कहा, एक आदर्श दुनिया में, मैं ऐसा नहीं करना चाहता। मैं वह नहीं बनना चाहता जो सामने आकर सच के बारे में बात करे। दिक्कत यह है कि मुझे सच में लगा था कि आठ साल बाद अब तक सच सामने आ गया होता। शायद मुझे लगा था कि वॉर्नर ने इसका पर्दाफाश कर दिया होगा, या कोई और इसके बारे में ज्यादा बात करेगा। मुझे बस यह नहीं लगा था कि यह इस हद तक पहुंचेगा। लेकिन जैसे-जैसे यह लंबा चला, और शुरू से ही, मैं इसे मिलकर स्वीकार करने की कोशिश कर रहा था।

ख्वाजा ने कहा, मुझे हमेशा लगता है कि जिंदगी सिर्फ क्रिकेट से कहीं ज्यादा है। ये लोग उस इंसाफ के हकदार हैं। ऐसा नहीं लगता कि कोई उन्हें इंसाफ देगा। उन तीनों में से कोई भी सबसे पहले कुछ नहीं कहना चाहता। सही भी है, अगर वे ऐसा करते हैं तो यह सिर्फ सुनी-सुनाई बात होगी और उनकी बात होगी। उन्हें किसी और की जरूरत थी जो कुछ कह सके।

उन्होंने कहा, मैं उस पूरे टेस्ट मैच में कैम बैनक्रॉफ्ट के बगल में बैठा था, और मेरा इंटरव्यू नहीं लिया गया। मुझे पूरी तरह से लगता है कि मेरा इंटरव्यू इसी वजह से नहीं लिया गया, क्योंकि वे जानते थे कि मैं इसे एक टीम के तौर पर लेना चाहता हूं, क्योंकि वे जानते थे कि अगर मेरा इंटरव्यू लिया गया तो मैं सच बोलने के लिए तैयार हूं। मैं अपने फोन के बजने का इंतजार कर रहा था। वह कभी नहीं बजा, और फिर पेनल्टी दी गई, और मुझे यकीन नहीं हुआ।

मोहम्मद शमी का टेस्ट क्रिकेट से जाना एक बुरा दिन : मोर्ने मोर्केल

वेलिंगटन (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। शमी ने शुक्रवार देर रात टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कहा। शमी के संन्यास पर भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल का कहना है कि उन्हें जाते हुए देखना दुखद है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में दूसरे वनडे से पहले मोहम्मद शमी के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर मोर्केल ने कहा, मैं पहली बार जब ग्रुप से जुड़ा, उस समय शमी टीम का हिस्सा थे। इसलिए मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं। आपको पता है कि वह एक स्किलफुल खिलाड़ी हैं और काफी क्षमतावान हैं। मुझे यहां शुरुआती समय में उनसे काफी मदद मिली। मोर्केल ने कहा, उन्हें जाते देखना एक दुखद दिन है। लेकिन हां, वह अभी भी घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं और खूब गेंदबाजी कर रहे हैं। यह देखना बहुत अच्छा है।

शमी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर कहा, मैं सफेद जर्सी तो छोड़ रहा हूं, लेकिन उससे जुड़ी यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी। जब मैंने पहली बार भारत की टेस्ट जर्सी पहनी थी, तब मेरा बस एक ही सपना था, अपने देश के लिए कुछ कर दिखाना, तब से लेकर अब तक, हर विकेट, हर संघर्ष, हर चोट और हर वापसी ने मुझे कुछ न कुछ सिखाया है।उन्होंने कहा, मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट सिर्फ एक फॉर्मेट नहीं रहा, बल्कि यह मेरी जिंदगी का एक बेहद खास हिस्सा रहा है। आज, भारी मन और अनगिनत खूबसूरत यादों के साथ, मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला कर रहा हूं।

भारत ने दूसरे वनडे में डकवर्थ-लुईस नियम से न्यूजीलैंड को चार रन से हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त

वेलिंगटन,(ए.)। तेज गेंदबाज गुरनूर बरार के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार रनों से हरा दिया। शनिवार को वेलिंगटन के हेनरी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बरार ने 30 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड की टीम 41 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। जवाब में भारतीय टीम ने बारिश के कारण खेल रोके जाने तक 24.4 ओवर में सात विकेट पर 113 रन बना लिए थे। बउस समय भारत डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) पद्धति के निर्धारित पार स्कोर से चार रन आगे था, हालांकि बारिश के कारण मैच शुरु नहीं हो सका और भारत ने 4 रन से जीत हासिल कर ली। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली।



135 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। कप्तान शुभमन गिल पहले ही ओवर में बिना खाता खोले जैकब डफी की गेंद पर आउट हो गए। भारत ने 1.1 ओवर में चार रन पर पहला विकेट गंवा दिया। विराट कोहली ने डफी के खिलाफ शानदार कवर ड्राइव लगाकर अपना खाता खोला, जबकि रोहित शर्मा ने काइल जैमीसन की गेंद पर चौका जड़ा। हालांकि, डफी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में कोहली विल यंग को कैच दे बैठे। वह सात रन बनाकर आउट हुए। भारत का स्कोर 3.4 ओवर में दो विकेट पर 17 रन हो गया।रोहित शर्मा ने इसके बाद जैमीसन के खिलाफ दो छक्के लगाकर पारी को आगे बढ़ाया। इनमें उनका पसंदीदा पुल शॉट भी शामिल था। हालांकि, जैमीसन की गेंद पर वह हेनरी निकोल्स को स्लिप में कैच दे बैठे। रोहित ने 27 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 23 रन बनाए। भारत ने 8.4 ओवर में 39 रन पर तीसरा विकेट गंवा दिया। अक्षर पटेल भी बल्ले से संघर्ष करते नजर आए और मैथ्यू फिशर की गेंद पर 17 गेंदों में सात रन बनाकर आउट हो गए। 12.5 ओवर में भारत का स्कोर 47 रन पर चार विकेट था।

मोहम्मद शमी के रिटायरमेंट पर आया BCCI का बड़ा बयान, खास अंदाज में दी विदाई

मुम्बई (ए.)। भारतीय क्रिकेट में जब भी तेज गेंदबाजी की बात होगी, मोहम्मद शमी का नाम उन गेंदबाजों में जरूर लिया जाएगा, जिन्होंने अपनी धारदार गेंदों से दुनिया के दिग्गज बल्लेबाजों को परेशान किया। अब उनके टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले के बाद BCCI ने उन्हें खास अंदाज में विदाई दी है। बोर्ड ने शमी को भारतीय तेज गेंदबाजी के एक युग को परिभाषित करने वाला गेंदबाज बताया है।



शमी ने 6 नवंबर की रात टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। इसके साथ ही 13 साल लंबे उनके टेस्ट करियर पर विराम लग गया। हालांकि, वह ODI और T20 इंटरनेशनल क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे। BCCI ने 7 नवंबर को सोशल मीडिया पर उनके योगदान को याद करते हुए लिखा- भारतीय तेज गेंदबाजी के एक युग को परिभाषित करने के लिए शुक्रिया। टेस्ट कैप नंबर 279।36 साल के शमी ने अपने टेस्ट करियर का अंत 64 मुकाबलों में 229 विकेट के साथ किया।

बांग्लादेश के 25 साल के बल्लेबाज ने मचाई तबाही, जड़ा ऐतिहासिक दोहरा शतक, तोड़ा मुशफिकुर रहीम का रिकॉर्ड

ढाका (आरएनएस)। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश के बल्लेबाज तौहीद हृदोय ने बल्ले से कमाल कर दिया। पहली पारी में टीम मुश्किल में थी और ऐसा लग रहा था कि बांग्लादेश को बड़ी बढ़त गंवानी पड़ेगी, लेकिन हृदोय ने अपने बल्ले से ऐसा तूफान मचाया कि न सिर्फ टीम को संकट से बाहर निकाला, बल्कि ऐतिहासिक दोहरा शतक भी जड़ दिया। इस दौरान उन्होंने मुशफिकुर रहीम का बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

हृदोय ने 7 नवंबर को अपने टेस्ट करियर का पहला शतक दोहरे शतक में तब्दील किया। वह 359 गेंदों पर 242 रन बनाकर नाबाद लौटे। अपनी इस यादगार पारी में उन्होंने 22 चौके और 11 छक्के लगाए। उनकी इस पारी की बदौलत बांग्लादेश ने पहली पारी में 386 रन बनाए और वेस्टइंडीज के पहली पारी के 356 रन के जवाब में 30 रन की बढ़त हासिल कर ली।इस दोहरे शतक के साथ हृदोय बांग्लादेश की ओर से टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले मुशफिकुर रहीम, शाकिब अल हसन और तमीम इकबाल यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने मुशफिकुर रहीम के 219 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए बांग्लादेश के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।



हृदोय ने उस समय पारी को संभाला, जब बांग्लादेश की टीम मुश्किल में थी। तीसरे दिन का खेल शुरू होने पर बांग्लादेश का स्कोर तीन विकेट पर 88 रन था। हृदोय और अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए टीम की पारी को आगे बढ़ाया। दोनों के बीच 73 रन की साझेदारी हुई, लेकिन जोमेल वॉरिकन ने मुशफिकुर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया।

इसके बाद वॉरिकन और कप्तान रोस्टन चेज ने मिलकर बांग्लादेश की बल्लेबाजी को झकझोर दिया। टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और उसका स्कोर सात विकेट पर 184 रन हो गया। यहां से बांग्लादेश के लिए बड़ी बढ़त हासिल करना भी मुश्किल नजर आने लगा था। ऐसे मुश्किल वक्त में हृदोय को तैजुल इस्लाम का साथ मिला।

हार्दिक पांड्या घरेलू टी20 टीम से भी हुए बाहर, SMAT के लिए बड़ौदा की टीम में नहीं मिली जगह

नई दिल्ली ,(ए.)। भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या काफी समय से चोटों से परेशान हैं और वह इन दिनों बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं। इसी वजह से उनकी वापसी में देरी हो रही है। अब खबर ये आ रही है कि हार्दिक घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाएंगे। बड़ौदा टीम ने इस टूर्नामेंट के लिए अपने 15 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है, जिसमें हार्दिक का नाम शामिल नहीं है। उनकी जगह उनके भाई क्रुणाल पांड्या को टीम की कप्तानी सौंपी गई है।

टी20 वर्ल्ड कप के बाद से हार्दिक ने नहीं खेला है कोई इंटरनेशनल मैच

हार्दिक पांड्या के लिए आखिरी इंटरनेशनल मैच 8 मार्च को टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल था। यह मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया था। इस हिसाब से वे पिछले 8 महीनों से कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेले हैं और लगभग 6 महीने से उन्होंने किसी भी तरह का प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। सितंबर में उन्हें ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में चुना गया था, जो अक्टूबर में होनी थी। लेकिन पैर की चोट के कारण उन्हें इस सीरीज से हटना पड़ा। इसके बाद वह न्यूजीलैंड दौरे से भी बाहर हो गए, जहां उन्हें टी20 और वनडे सीरीज खेलनी थी।

CoE में रिहैब कर रहे हैं हार्दिक

हार्दिक अभी भी बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ही हैं और काफी समय से वहीं रह रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने वहां रहने के लिए घर भी ले लिया है।



हार्दिक अभी भी बिना किसी परेशानी के गेंदबाजी नहीं कर पा रहे हैं; जब भी वे बॉलिंग करने की कोशिश करते हैं, उन्हें दर्द होता है। इसी वजह से वे क्रिकेट से दूर हैं। हालांकि, उनकी चोटें लगातार बदलती रही हैं। आईपीएल के दौरान वे पीठ की चोट से परेशान थे, जिसकी वजह से उन्हें कुछ मैच छोड़ने पड़े थे और उनकी जगह सूर्यकुमार यादव ने कप्तानी संभाली थी। जब पीठ की यह समस्या ठीक हुई, तो उनके पैर में खिंचाव आ गया। इस नई चोट के कारण वे आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली टीम इंडिया का हिस्सा भी नहीं बन पाए थे।

अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए हार्दिक पांड्या भारतीय टीम के लिए बहुत ही जरूरी खिलाड़ी हैं। साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे की पिचों पर पेस बॉलिंग ऑलराउंडर के रूप में उनकी भूमिका और भी ज्यादा बढ़ जाती है। भारतीय टीम के हेड कोच ने हाल ही में कहा था कि वर्ल्ड कप के लिहाज से जसप्रीत बुमराह और हार्दिक टीम के सबसे अहम खिलाड़ी हैं, इसलिए उन्हें पूरी तरह से फिट होने के लिए पूरा समय दिया जाना चाहिए।

प्रशासन की लापरवाही

बाजार और सड़कों पर लगी पटाखे की सैंकड़ों दुकानें

नर्मदापुरम (निप्र)। शहर के प्रमुख मार्ग जय स्तंभ सहित बजरिया स्कूल के सामने से लेकर नेहरू पार्क तक तथा अनेक हिस्सों में खुलेआम फटाखे बिक रह थे। प्रशासन की लापरवाही से हाथ ठेलों पर शहर में हर तरफ फटाखे की दुकानें सुबह से शाम तक लगी रही। प्रशासन द्वारा लायसेंस धारियों का दीपावली बाजार गुप्ता ग्राउंड में लगाया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से दीपवाली से पूर्व प्रशासन के द्वारा बाजार में पटाखे के विक्रय पर रोक लगाई गई थी। लेकिन इस रोक का कोई असर नहीं रहा। लेकिन दूसरे दिन ही जय स्तंभ चौक के आसपास आधी दर्जन से अधिक पटाके की दुकानें लगी हुई थी। इस पर गुप्ता ग्राउंड में पटाके की दुकाने लगाने वाले नाराज हो रहे थे उनका कहना है कि हम यहां गुप्ता ग्राउंड में दुकान लगा रहे हैं। कुछ लोग बाजार में पटाखे बेच रहे हैं। उन पर रोक लगनी चाहिए। इस तरह की लापरवाही से शहर का यातायात प्रभावित होता है। साथ ही खतरे की संभावना भी बनी रहती है।

दीपावली बाद फिर शुरू होगी बोवनी

नर्मदापुरम (निप्र)। धान की कटाई शुरू हो चुकी है। दीपावली त्योहार शुरू होने पर ब्रेक लग गया है। लेकिन दीपावली के बाद किसानों की व्यस्तता तेज हो जाएगी। जिनकी धान कटाई हो चुकी है वे रबी मौसम की बोवनी में लग जाएंगे। जिनकी कटना बांकी है वे धान कटाई में जुट जाएंगे। इसी के साथ धान निकाल कर किसान मंडी में धान बेचने में भी जुटेंगे। इस बार लगातार बारिश होने से फसल को पकने में समय लगा है।

आज मनेगा दीपोत्सव, घर, आंगन में छाई रंगारंग छटा

देवी महालक्ष्मी की होगी पूजा, सजे हुए घर और प्रतिष्ठान





नर्मदापुरम (निप्र)। रोशनी का पर्व दीपोत्सव आज धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। त्योहार पर करोड़ों का कारोबार हो रहा है। दीप पर्व को हर घर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दो दिन से घर-घर में उत्सवी माहौल है। अर्थ की देवी लक्ष्मी की मूर्ति को अपने घर लेकर जा रहे हैं। बीते कुछ दिनों से सभी घरों में साफ सफाई पुताई कर घर का कोना कोना साफ करके दीपावली मनाने की तैयारी कर ली है। रंगारंग छटा से घर और अंगना सज चुके हैं। धनतेरस से घरों को सजाने के साथ रोशनी से जगमगा दिया गया है। धन की देवी लक्ष्मी की पूजन अर्चन के साथ आतिशबाजी की जा रही है। हर घर में दीपावली की तैयारी अंतिम चरण में है। बाजार में सभी दुकानें सजी हुई हैं। धनतेरस की तरह आज भी बाजार गुलजार रहेगा। एक बार फिर बाजारों में करो़डों का कारोबार होगा। बाजार में हर तरफ रौनक छाई हुई है। पटाखा बाजार में भी जमकर ग्राहकी हो रही है। वाहनों की दुकानों में भी पूरी सजावट के साथ नए वाहनों की बेरायटी ब़ढाकर बुलवाई गई है। फर्नीचर सहित अन्य घर के सजावटी सामान की खूब बिक्री हो रही है।

आज होगी माता महालक्ष्मी की पूजन

आचार्य पं नीरजेश त्रिपाठी ने बताया कि दीप पर्व पर माता महालक्ष्मी और भगवान श्री गणेश की संयुक्त पूजन का विशेष महत्व रहता है। गोधूली बेला के बाद पूजन का विशेष महत्व है।

-रोशनी से जगमगाए घर और प्रतिष्ठान

इस वर्ष लगतार बारिश के कारण घरों की साफ सफाई का ज्यदा समय नहीं मिल पाया है। सफाई के बाद हर घर में रोशनी के लिए ऊपर से लेकर नीचे तक सीरीज और एक से बढ़कर एक रोशनी के आयटम से धरों को रोशनीयुक्त किया गया है। हर घर आंगन में धनतेरस से ही दीप जगमगा रहे हैं। प्राय: सभी घर सीरीज की लडियों से रोशन हो रहे हैं।

-हर आंगन में सज रही रंगोली-

दीपावली के अवसर पर घरों की रंगाई पुताई के बाद फूल फुलवार से लेकर घर के आंगन तक रंगोली सजाई जा रही है। हर तरफ रंग ही रंग नजर आ रहा है। कई लोगों ने अपने घरों के सामने गोबर से लिपाई पुताई की है। वहीं रंग से बेलबूटे बनाकर आंगन को भी सजाया गया है। पर्व को लेकर सभी लोगों में उत्साह उमंग और उल्लास बना हुआ है।

-जमकर हो रही रंगारंग आतिशबाजी-

लोग अपने घरों के सामने रंगारंग आतिशबाजी करने लगे हैं। दूसरे दिन पटाका बाजार में खूब बिक्री हुई। दीपावली के अवसर पर आज शाम के समय पटाकों की रोशनी से भी घर आंगन और आसमान तक जगमगाएंगे। पटाके चलाने के लिए बच्चे उतावले हो रहे हैं। पटाका विक्रेता प्रमोद वर्मा ने बताया कि धनतेरस से पटाकों की बिक्री तेज हो गई है।

खूब हो रही मिठाई की बिक्री

बाजार में प्रत्येक मिठाई की दुकानों में भी कई तरह की मिठाई बनाकर टेंट लगाकर बाहर तक दुकानों में मिठाई रखी गई हैं। रंगारंग मिठाई लोगों को आकर्षित कर रही हैं। मिठाई विक्रेता आनंद अग्रवाल ने बताया कि त्योहार पर मिठाई की विशेष मांग रहती है। हर घर में मिठाई का भोग लगाया जाता है। इसी के साथ अनेक लोग घर में भी मिठाई बनाते हैं।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिलेवासियों को दी दीपावली पर्व की शुभकामनाएं

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने दीपावली के पावन पर्व पर जिले के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की है कि दीपावली का यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली लेकर आए तथा हर घर में सुख एवं समृद्धि का प्रकाश फैले। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कहा कि दीपावली प्रकाश, उत्साह और उल्लास का पर्व है। यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर तथा असत्य से सत्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है।



नर्मदापुरम। जनजातीय संग्रहालय में पुस्तक का विमोचन किया गया।

सेवा, संस्कार और खुशियों के दीपों से जगमगाए स्प्रिंगडेल्स एवं द चैम्प्स फन स्कूल

धूमधाम से मनाई दीपावली एवं ग्रीन दिवाली के संदेश के साथ फिलैंथ्रॉपी (परोपकार) क्लब की सेवा पहल, नन्हे विद्यार्थियों ने रंगोली, दीप सज्जा एवं लालटेन निर्माण से दिखाई रचनात्मकता



नर्मदापुरम (निप्र)। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल एवं द चैम्प्स फन स्कूल, नर्मदापुरम में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास, उत्साह एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों का वातावरण दीपों, रंगोली, फूलों और आकर्षक सजावट से जगमगा उठा। विद्यालय परिवार ने दीपावली को केवल रोशनी का त्यौहार न मानकर प्रेम, सहयोग, सेवा एवं सामाजिक संवेदनशीलता का पर्व बनाने का संदेश दिया।विद्यालय के फिलैंथ्रॉपी क्लब द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर सेवा एवं परोपकार की भावना को प्रोत्साहित करते हुए जरूरतमंदों के साथ सुंदर वस्त्र, मिठाइयाँ एवं पटाखों के साथ खुशियां साझा करने की पहल की गई। क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, सहयोग, संवेदनशीलता एवं मानवीय मूल्यों का विकास करना है। इस पहल के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि त्यौहारों की वास्तविक खुशी दूसरों के चेहरों पर मुस्कान लाने में है।

नन्हे विद्यार्थियों ने रंगों और रोशनी से सजाया दीपोत्सव

प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चे पारंपरिक परिधानों में सजकर विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने गीत, नृत्य एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से दीपावली का आनंद लिया। प्राचार्या श्रीमती मोना चटर्जी एवं जनरल मैनेजर श्रीमती सोनल सोखी ने बच्चों के साथ दीपावली उत्सव की खुशियाँ साझा कीं। नर्सरी के बच्चों ने आकर्षक दीप सज्जा, यूकेजी के विद्यार्थियों ने थाली डेकोरेशन तथा एलकेजी के बच्चों ने रंग-बिरंगी मिनी लालटेन बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित दीपावली एवं भारतीय संस्कृति के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने कहा कि दीपावली हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने तथा जीवन में सकारात्मकता अपनाने की प्रेरणा देती है। बच्चों को बचपन से ही पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं समाज के प्रति संवेदनशील बनाना आवश्यक है। ग्रीन दिवाली के साथ सेवा और सहयोग की भावना को अपनाना ही इस पर्व की सच्ची सार्थकता है। डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी ने अपने संदेश में कहा कि स्प्रिंगडेल्स एवं द चैम्प्स फन स्कूल का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें संवेदनशील, जिम्मेदार एवं संस्कारवान नागरिक बनाना भी है।

फिलैंथ्रॉपी क्लब जैसी पहल बच्चों में सेवा, समर्पण और मानवीय मूल्यों को विकसित करती हैं। दीपावली का प्रकाश तभी सार्थक है, जब हमारी खुशियों में समाज का प्रत्येक वर्ग सहभागी बने।कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी की समस्त शिक्षिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई एवं कार्यक्रम प्रभारी स्नेहा शर्मा एकेडमिक कॉर्डिनेटर, श्रीमती काकुली राय चौहान, श्रीमती वर्षा मिश्रा, श्रीमती अदिति तिवारी श्रीमती मेघा बेस और निमिष कुरेले रहे ।दोनों विद्यालयों के परिवारों ने अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी को सुख, समृद्धि एवं खुशियों से परिपूर्ण दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

गुरुकुल में महर्षि दयानंद का 143 वां निर्माण दिवस मनेगा

हवन कुंड में छोड़ी जाएंगी नई उपज की आहुतियां

नर्मदापुरम। नर्मदा तट पर स्थित शहर के प्राचीन गुरूकुल में दीपावली के अवसर पर हर वर्ष की तरह स्वांमी दयानंद के निर्माण दिवस पर नई उपज की आहुतियां हवन कुंड में छोड़ी जाएंगी। गुरुकुल के प्रधानाचार्य स्वामी सत्यसिंधु महाराज ने बताया कि दीपावली के अवसर पर स्वामी दयानंद के 143 वें निर्माण दिवस के अवसर पर गुरुकुल के ब्रम्हचारियों और आचार्यों के द्वारा गुरुकुल की यज्ञशाला में बने हवन कुंड में धान सहित जो भी नई उपज आ चुकी हैं उनकी आहुतियां छोड़ी जाएंगी। गुरुकुल के आचार्य और बटुक ब्रम्हचारियों ने इसकी तैयारी एक दिन पूर्व से ही कर ली है। इसके बाद अब गुरुकुल परिवार अगले माह मनाए जाने वाले वार्षिक गुरुकुल महोत्सव की तैयारी में लगेंगे। जिसमें देश विदेश के वैदिक विद्वानों का आगमन होता है। गुरुकुल में भी दीप पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। स्वदेशी दिये लगाए जाएंगे। केले और आम के पत्तों से तोरण द्वार सजाए जाएंगे।

पश्चिम मध्य रेल

समपार फाटक क्र. 208 (टिमरनी स्टेशन यार्ड) के बदले रोड ओवर ब्रिज निर्माण कार्य होना है। उक्त समपार फाटक पर सड़क यातायात को बंद करने हेतु कलेक्टर महोदय हरदा द्वारा जारी अनापति पत्र क्र. एस.डब्लू/2026 दिनांक 14.08.2026 द्वारा प्रदान की गयी है। उक्त समपार फाटक को दिनांक 15.11.2026 से सड़क यातायात के लिए बंद कर दिया जाएगा। यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गयी है जो कि हल्के वाहन हेतु हरदा की ओर स्थित रोड अंडर ब्रिज एवं भारी वाहन के लिए छिदगॉव मेल पर स्थित समपार फाटक क्र. 211 से हो कर निकाल सकते हैं। (हस्ता.)

सहायक कार्यकारी अभियंता, गति शक्ति
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com

